संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, सोमवार, 01 जुलाई 2024 ₹ 1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू की जीवन यात्रा पर तीन पुस्तकों का विमोचन किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 15 अंकः 180 पृष्ठः 08
RNI : UTTHIN/2009/31653
actionindiaddn@gmail.com
उत्तराखण्ड संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

### आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

### मन की बात




"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

# हमें भारतीय टीम पर गर्व है: पीएम मोदी

● चैंपियंस! हमारी टीम शानदार अंदाज में टी-20 वर्ल्ड कप लेकर आई है: पीएम, धोनी बोले- इससे अच्छा बर्थ-डे गिफ्ट नहीं हो सकता

**देश को गर्व**

▶▶ पीएम नरेंद्र मोदी ने टीम इंडिया के कैप्टन रोहित, विराट और कोच राहुल द्रविड से बात की





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः पीएम मोदी ने टीम इंडिया** के कैप्टन रोहित, विराट और कोच राहुल द्रविड से बात की। इससे पहले 19 नवंबर 2023 को अहमदाबाद में वनडे वर्ल्डकप के फाइनल में हार के बाद भी पीएम मोदी ने टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूम में जाकर उनका हौसला बढ़ाया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार (30 जून) को भारतीय क्रिकेट टीम के प्लेयर्स से फोन पर बात की और पूरी टीम को टी-20 वर्ल्ड कप जीतने की बधाई दी। वहीं पहले टी-20 वर्ल्ड चैंपियन कप्तान एमएस धोनी समेत मौजूदा और पूर्व क्रिकेटरों ने भारतीय टीम की जमकर तारीफ की है। धोनी की कप्तानी में भारत ने 2007 में साउथ अफ्रीका में पहला टी-20 वर्ल्ड कप जीता था। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक साल बाद पोस्ट किया और टीम इंडिया को बधाई दी और इस जीत को उनके जन्मदिन का गिफ्ट बताया। धोनी अगले महीने 7 जुलाई को 43 साल के हो जाएंगे।

**मोदी ने फोन पर पूरी टीम की तारीफ कीः** मोदी ने रोहित शर्मा को उनकी शानदार कप्तानी के लिए बधाई दी और उनके टी-20 करियर की सराहना की। पीएम मोदी ने फाइनल में विराट कोहली की पारी और भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान की भी तारीफ की। उन्होंने हार्दिक पंड्या को उनके अंतिम ओवर और सूर्यकुमार यादव को उनके कैच के लिए सराहा। उन्होंने जसप्रीत बुमराह के योगदान की भी तारीफ की। मोदी ने भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान के लिए राहुल द्रविड़ को भी धन्यवाद दिया।

**हमें भारतीय टीम पर गर्व हैः** चैंपियंस! हमारी टीम शानदार अंदाज में टी-20 वर्ल्ड कप लेकर आई है। हमें भारतीय क्रिकेट टीम पर गर्व है। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ से ज्यादा भारतीय हमारे सभी क्रिकेटर्स के प्रदर्शन पर गर्व महसूस कर रहे हैं। पीएम ने कहा कि उन्होंने मैदान में कप जीता है, और देश के हर गांवों और गलियों में करोड़ों भारतीयों का दिल जीता है।'

**धोनी का इंस्टाग्राम पोस्टः** '2024 वर्ल्ड कप चैंपियन। मेरे दिल की धड़कन बढ़ी हुई थी। खुद में विश्वास बनाए रखा और वो किया जो करते आए हैं। सभी भारतीयों की ओर से वर्ल्ड कप वापस लाने के लिए शुक्रिया। बधाई हो।

## टी20 विश्व कप 2024 में जडेजा का प्रदर्शन

**अमेरिका** और वेस्टइंडीज की मेजबानी में खेले गए टी20 विश्व कप 2024 में रवींद्र जडेजा कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। वह गेंद और बल्ले से प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे थे। मौजूदा टूर्नामेंट में उन्होंने कुल आठ मैच खेले और सिर्फ 35 रन बनाए। वहीं, उन्हें मात्र एक विकेट मिला।

**जडेजा का टी20 अंतर्राष्ट्रीय करियरः** भारत के लिए रवींद्र जडेजा ने 2009 में डेब्यू किया था। इस प्रारूप में उन्होंने कुल 74 मैच खेले।

## कोहली-रोहित के बाद रविंद्र जडेजा ने भी लिया टी20 अंतर्राष्ट्रीय से संन्यास

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** विराट कोहली और रोहित शर्मा के बाद भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने भी टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास की घोषणा कर दी है। उन्होंने इसकी जानकारी इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए दी। हालांकि, वह भारत के लिए अन्य प्रारूपों में खेलते रहेंगे। भारत ने शनिवार को बारबाडोस में दक्षिण अफ्रीका को सात रनों से हराकर टी20 विश्व कप 2024 के खिताब पर कब्जा जमाया।

**जडेजा ने भी लिया संन्यासः** जडेजा ने लिखा, "पूरे दिल से आभार जताते हुए मैं टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों को अलविदा कहता हूं। गर्व से सरपट दौड़ने वाले एक दृढ़ घोड़े की तरह मैंने हमेशा अपने देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है और अन्य प्रारूपों में भी ऐसा करना जारी रखूंगा। टी20 विश्व कप जीतना एक सपना सच होने जैसा था, मेरे टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का एक शिखर। यादों, उत्साह और अटूट समर्थन के लिए धन्यवाद। जय हिंद।"

## साल में दो बार सीबीएसई बोर्ड परीक्षा पर मंजूरी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली :** कक्षा 10 और 12 की साल में दो बार बोर्ड परीक्षा कराने की योजना पर सहमति बन गई है। समूचे सिलेबस की यह परीक्षा जनवरी और अप्रैल में हुआ करेगी। केंद्र अगले सत्र 2025-26 से सीबीएसई में नया पैटर्न लागू करने की तैयारी में है। नए पैटर्न की पहली बोर्ड परीक्षा जनवरी 2026 और इसी सत्र की दूसरी परीक्षा अप्रैल 2026 में होगी। छात्रों के पास दोनों परीक्षा में शामिल होने का विकल्प होगा। छात्र चाहें तो दोनों या किसी एक परीक्षा में सुविधानुसार बैठ सकेंगे। दोनों परीक्षा देने वाले छात्र बेहतर प्रदर्शन के रिजल्ट का इस्तेमाल कर सकेंगे। मंत्रालय के स्कूली शिक्षा विभाग ने इस पर देशभर के 10 हजार से अधिक स्कूल प्रिंसिपल के साथ ऑनलाइन और फिजिकल मीटिंग में राय ली है।

**मंत्रालय ने 3 विकल्प दिए थे, 2 पर इनकार**
**पहला :** उच्च शिक्षा के सेमेस्टर सिस्टम की तरह साल में हर सेमेस्टर के अंत में आधे-आधे सिलेबस की एक परीक्षा ली जाए, जो सितंबर और मार्च में हो।
**दूसरा : अभी** जिस तरह मार्च-अप्रैल की बोर्ड परीक्षा के बाद जुलाई में सप्लीमेंट्री एग्जाम होते हैं, उस समय सप्लीमेंट्री की जगह पूरी बोर्ड परीक्षा कराई जाए।
**तीसरा :** जैसे जेईई मेंस के लिए जनवरी और अप्रैल में दो बार परीक्षाएं ली जाती हैं, उसी तरह समूचे सिलेबस की बोर्ड परीक्षाएं भी एक बार जनवरी तो दूसरी बार अप्रैल में आयोजित हों अधिकांश प्रिंसिपल तीसरे विकल्प पर सहमत हैं।

## टीएमसी बंगाल की वित्तीय स्थिति पर श्वेत्र पत्र जारी करें: राज्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने राज्य के वित्तीय संकट पर ममता बनर्जी सरकार को आर्थिक स्थिति पर श्वेत पत्र लाने को कहा है। राज्यपाल ने शनिवार को नयी दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की थी। इसके बाद उनका यह बयान आया है। निर्मला सीतारमण से मुलाकात के बाद राज्यपाल ने कहा कि पश्चिम बंगाल की आर्थिक स्थिति कई राजकोषीय जोखिमों और सार्वजनिक वित्त प्रबंधन के मुद्दों का सामना कर रही है। यह सरकार की गंभीर खामियों को उजागर करती है। पश्चिम बंगाल वित्तीय संकट का सामना कर रहा है। उन्होंने आर्थिक स्थिति गंभीर होने के मद्देनजर संविधान के अनुच्छेद 167 के तहत मुख्यमंत्री से मंत्रिपरिषद के समक्ष राज्य की वित्तीय स्थिति पर एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। राजभवन के सूत्रों ने बताया कि सीतारमण के साथ बैठक के दौरान बोस ने मत्स्य पालन क्षेत्र पर निर्भर लोगों के लिए आर्थिक विकास कार्यक्रमों को लागू करने की आवश्यकता को रेखांकित किया।

## 4 महीने बाद पीएम मोदी की मन की बात




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में पेरिस ओलंपिक में जाने वाली भारतीय टीम को शुभकामनायें दी। तीन महीने के अंतराल के बाद मन की बात के 111वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि भारतीय खिलाड़ी ओलंपिक में मेडल के साथ-साथ लोगों का दिल भी जीतेंगे। उन्होंने कहा कि टोक्यो ओलंपिक खेलों में अपने प्रदर्शन से खिलाड़ियों ने हर भारतीय का दिल जीत लिया। इसके बाद से ही खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक की तैयारियां कर रहे हैं। पेरिस ओलंपिक में भारतीय दल इस बार अधिक खेलों में भाग ले रहा है। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्होंने लोगों से चीयर4भारत हैशटेग पर अपनी शुभकामनायें भेजने के लिए कहा। प्रधानमंत्री मोदी ने तीन महीने के लोकसभा चुनाव के दौरान संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में अपनी अटूट आस्था दोहराने के लिए देशवासियों का आभार व्यक्त किया। साथ ही चुनाव आयोग की महत्वपूर्ण भूमिका की भी सराहना की।

**पेड़ लगाएं**

▶▶ चीयर4भारत' हैशटैग से करें पेरिस ओलंपिक के लिए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित : पीएम

## 2033 तक अयोध्या को विश्व का सर्वोत्तम शहर बनाएगी योगी सरकार



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः योगी** सरकार वर्ष 2033 तक अयोध्या को विश्व का सर्वोत्तम शहर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। इसके लिए वहां संचालित विभिन्न परियोजनाओं में 85 हजार करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद है। यह बात उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा कराई गई एक स्टडी में सामने आई है। यह स्टडी भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआई), अहमदाबाद गुजरात ने की है। ईडीआई ने अपनी स्टडी में बताया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या का विकास इंफ्रास्ट्रक्चर, परिवहन और सौंदर्यीकरण से जुड़े हुए मुख्यतः 27 बिंदुओं को ध्यान में रखकर किया जा रहा है।

**इन बिंदुओं को ध्यान में रखकर किया जा रहा है विकासः** रोड और पार्किंग, रेल लाइन का दोहरीकरण, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, एयरपोर्ट, गुप्तारघाट, मंदिर संग्रहालय, वैक्स संग्रहालय, सांध्य सरोवर, अयोध्या बाजार, 37 धार्मिक स्थलों का पुनर्विकास एवं सौंदर्यीकरण, 25 पौराणिक एवं 39 चौराहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, साउंड लाइट शो के साथ वाटर स्पोर्ट्स और सरयू में क्रूज का संचालन, सरयू के घाटों पर 500 प्रीफैब शौचालय की स्थापना, परिक्रमा मार्गों का विकास होगा।

## हेमंत सोरेन आदिवासी समाज का अपमान न करें : मुख्यमंत्री साय

**टीम एक्शन इंडिया**
रायपुरः मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उस बयान पर आड़े हाथों लिया है, जिसमें उसने भाजपा शासित राज्यों के आदिवासी मुख्यमंत्रियों को रबर स्टाम्प बताया है। सोरेन के इस बयान पर बिफरे मुख्यमंत्री साय ने पलटवार करते हुए सोरेन परिवार को जनता को लूटकर गाढ़ी कमाई करने वाला परिवार कहा है। साय ने आज रविवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल में लिखा है कि - देश भर में जिस तरह से भाजपा, सक्षम आदिवासी नेतृत्व दे रही है।

## पैक्स को मजबूत करने के लिए सहकारी बैंकें आएं आगेः शाह

### केन्द्रीय मंत्री ने खेड़ा जिला मध्यस्थ सहकारी बैंक नडियाद की वार्षिक बैठक को किया संबोधित



**टीम एक्शन इंडिया**
**नडियादः** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि जिला सहकारी बैंकों को प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को मजबूत करने की दिशा में भी सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने 20 अलग-अलग पहल कर पैक्स को मजबूत करने का काम शुरू किया है और जिला सहकारी बैंकों को भी इस काम में आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि पैक्स जितने मजबूत होंगे, उतने ही सहकारी बैंक मजबूत होंगे। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुजरात के खेड़ा जिला मध्यस्थ सहकारी बैंक लिमिटेड, नडियाद की 76वीं वार्षिक बैठक (एजीएम) को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने 18 करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से बने बैंक के नए भवन (सरदार पटेल सहकार भवन) का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नाफेड) के अध्यक्ष और गुजरात के सहकारिता मंत्री सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस मौके पर शाह ने कहा कि खेड़ा जिले से ही देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के मार्गदर्शन में अमूल की शुरूआत हुई थी। अमूल ने पूरे देश और विश्व के सामने सहकारिता से समृद्धि प्राप्त करने का उदाहरण पेश किया है।

**सहयोग की जरूरत**

▶▶ अमूल ने पूरे देश और विश्व के सामने सहकारिता से समृद्धि प्राप्त करने का उदाहरण पेश किया है

## अरुणाचल में भूस्खलन और बाढ़ से कई राजमार्ग बाधित

**टीम एक्शन इंडिया**
**इटानगरः** अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों पर भूस्खलन और बाढ़ के चलते बिगड़ी परिस्थितियों में राष्ट्रीय राजमार्ग और इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) ने लोगों को यात्रा से बचने की सलाह दी है। एनएचआईडीसीएल ने रविवार को कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 13 बाढ़ व भूस्खलन से बुरी तरह प्रभावित है। राज्य के लोहित जिले में डेमवे-ब्रह्मकुंड ट्राई जंक्शन से परशुराम कुंड-वाकरो तक तथा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 113 अंजॉव जिले में राममंदिर-टिडिंग-खुपा-हयुलियांग-हवाई तक रोड प्रभावित हुई है। इन सड़कों पर कई भूस्खलनों और नदियों और नालों के बाढ़ का पानी आ जाने के कारण स्थिति खराब हो गई है। उन्होंने बताया कि इससे विभिन्न स्थानों पर यातायात बाधित है। इन्हें ठीक करने का अभियान युद्ध स्तर पर चल रहा है।

## जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने 30वें आर्मी चीफ का चार्ज लिया



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** देश के 30वें सेना प्रमुख के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने रविवार को कार्य भार संभाल लिया। उन्होंने चार दशकों से अधिक राष्ट्र सेवा करने के बाद रविवार को सेवानिवृत्त हुए थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे से कार्यभार संभाला। उन्होंने ऐसे समय में सीओएएस का पदभार संभाला है, जब वैश्विक भू-रणनीतिक वातावरण गतिशील बना हुआ है। साथ ही तकनीकी प्रगति और आधुनिक युद्ध के लगातार बदलते स्वरूप के कारण सुरक्षा क्षेत्र में चुनौतियां और भी स्पष्ट होती जा रही हैं। लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी इसी साल 15 फरवरी को उप सेना प्रमुख नियुक्त किए गए थे। इससे पहले वह 1 फरवरी, 2022 को सेना की उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ बनाए गए थे। उन्हें परम विशिष्ट सेवा मेडल और अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया जा चुका है। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी सैनिक स्कूल रीवा और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडकवासला के छात्र रहे हैं। उन्हें 15 दिसंबर, 1984 को भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून से जम्मू और कश्मीर राइफल्स की 18वीं बटालियन में नियुक्त किया गया था।

**जिम्मेदारी**

▶▶ रिटायरमेंट से पहले जनरल मनोज पांडे को गार्ड ऑफ ऑनर, जनरल मनोज पांडे को गार्ड ऑफ ऑनर

## राजस्थान में 65 लाख किसानों को मिले एक-एक हजार रुपए: सीएम



**टीम एक्शन इंडिया**
**टौंकः** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री सम्मान निधि योजना का शुभारंभ किया। योजना की पहली किश्त एक- एक हजार रुपये किसानों के खाते में ट्रांसफर की। मुख्यमंत्री ने करीब 650 करोड़ रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किए। इससे राज्य के 65 लाख किसान लाभान्वित हुए हैं। इस योजना में किसानों को कुल 2000 रुपए मिलेंगे। दूसरी और तीसरी किश्त 500-500 रुपए की होगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पिछली गहलोत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन्होंने युवाओं के सपनों को चकनाचूर किया है, उन्हें हमारी सरकार छोड़ने वाली नहीं है। कार्यक्रम में कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा भी मौजूद रहे। लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद किरोड़ीलाल पहली बार सरकार के किसी कार्यक्रम में पहुंचे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान समृद्ध होगा तो राजस्थान समृद्ध होगा। राजस्थान समृद्ध होगा तो हमारा देश समृद्ध होगा। यह मन में दर्द था कि हमारे पास जमीन है, लेकिन पानी नहीं है। राजस्थान के लिए सबसे पहला जो काम हमने किया, वो है पानी की व्यवस्था। ईआरसीपी पर काम किया। 21 जिलों को ईआरसीपी की आवश्यकता है। आपसे वादा है ईआरसीपी आएगी, 21 जिलों के गांवों में पानी जरूर आएगा। किसान सम्मान निधि देने का वादा किया था, वो भी पूरा किया है। किसान जब किसान के घर जाता है, रिश्तेदारी में जाता है तो अक्सर एक-दूसरे से पूछते हैं कि फसल कैसी है।

**लाभान्वित**

▶▶ जिन्होंने युवाओं के सपने चकनाचूर किए, उन्हें नहीं छोड़ेंगे : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**सर्वे** दोनों समुदायों के परिवारों में यह अंतर 7 साल में 87% घटकर केवल 250 रुपए बचा है, जो 2016 में 1,917 रु./मासिक था

## देश में मुस्लिमों की सालाना कमाई 28%, हिंदुओं की 19%



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** हिंदू-मुस्लिम परिवारों के बीच आय का अंतर तेजी से कम हो रहा है। दोनों समुदायों के परिवारों में यह अंतर 7 साल में 87% घटकर केवल 250 रुपए बचा है, जो 2016 में 1,917 रु./मासिक था। गैर मुनाफे वाली संस्था पीपुल्स रिसर्च ऑन इंडियाज कंज्यूमर इकोनॉमी (प्राइस) के सर्वे में ये आंकड़े सामने आए। देश में मुस्लिमों की सालाना कमाई 28%, हिंदुओं की 19 फीसदी, सिखों की सर्वाधिक 57 फीसदी बढ़ी है। इस इकोनॉमिक थिंक टैंक ने यह सैंपल सर्वे देश के 165 जिलों के 1,944 गांवों के 2,01,900 परिवारों के बीच किया। मुस्लिम परिवारों की सालाना आय सात साल में 2.73 लाख रुपए से 27.7% बढ़कर 3.49 लाख रु. हो गई। इस दौरान हिंदुओं की आय 2.96 लाख रुपए से 18.8% बढ़कर 3.52 लाख रु. हो गई। प्राइस के अनुसार, पहले से ज्यादा कमा रहे लोगों की तुलना में आर्थिक रूप से कमजोर तबके की आय में तुलनात्मक दृष्टि से ज्यादा इजाफा हुआ है। कोविड से पहले देश के सबसे कम आय वाले 20% लोगों की देश की आय में हिस्सेदारी महज 3% थी, जो 2022-23 में बढ़कर 6.5% हो गई। इसकी तुलना में शीर्ष 20% आय वर्ग की हिस्सेदारी 52% से घटकर 45% ही बची। ऊपरी तबके की आय में जो हिस्सेदारी घटी, उससे गरीब और मध्यवर्ग की आय में बढ़ोतरी हुई। इसका फायदा सभी वर्गों को हुआ। सरकार की मुफ्त अनाज योजना, किसान सम्मान निधि और आवास योजनाओं ने भी सामाजिक-आर्थिक अंतर को कुछ हद तक कम करने में अहम भूमिका निभाई। अल्पसंख्यक खासतौर पर मुस्लिम वर्ग आर्थिक रूप से कमजोर तबके में आते हैं। इसलिए निचले तबके के तुलनात्मक उत्थान में मुस्लिम परिवारों को ज्यादा लाभ हुआ है।

**ताजा रिपोर्ट**

▶▶ निचले तबके के तुलनात्मक उत्थान में मुस्लिम परिवारों को ज्यादा लाभ हुआ है

## मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**इंफालः** मणिपुर में हथियार और गोला बारूद की बरामदगी का सिलसिला लगातार जारी है। इसी सिलसिले में भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद संयुक्त सुरक्षा बलों के अभियान में बरामद किया गया। मणिपुर पुलिस ने आज बताया कि पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान और क्षेत्र वर्चस्व चलाया गया। इस दौरान एक इम्प्रोवाइज्ड गन (स्थानीय नाम पोम्पी), एक एसबीबीएल, एक थूथन भरी हुई राइफल, एक .22 पिस्तौल और साथ में मैगजीन, तीन देशी पिस्तौल और साथ में तीन मैगजीन, एक स्थानीय निर्मित सिंगल बैरल, एक खाली कारतूस, दो मिनी फ्लेयर सिंगल कारतूस (लाल), छह ट्यूब लांचर बरामद किए।

# मन की बात कार्यक्रम से प्रेरणा प्राप्त होती है : कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य

**मन की बात**

**मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर आगे बढ़ रहा है।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले और ह्यमन की बातह्व कार्यक्रम को जीएमएस मंडल के बूथ संख्या-122 और वार्ड-33 में पार्टी कार्यकताओं के साथ सुना। कार्यक्रम से पूर्व पार्टी कार्यकताओं द्वारा कैबिनेट मंत्री का स्वागत किया गया।
मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। विकसित भारत निर्माण के संकल्प की सिद्धि ही हमारा प्रण है। आज प्रधानमंत्री मोदी के ओजस्वी विचार देश के कोने-कोने में प्रत्येक देशवासी को सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने का कार्य कर रहे हैं।
कैबिनेट मंत्री ने कहा कि "मन की बात" कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने सभी देशवासियों से यह अपील की है कि अपनी मां के साथ मिलकर या उनके नाम पर एक पेड़ जरूर लगाएं और पृथ्वी को हरा-भरा रखने में अपना सहयोग करें। प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात कार्यक्रम में विभिन्न अनछुए विषयों पर लोगों को प्रेरित करने का काम किया जाता है।
मन की बात में जहां प्रधानमंत्री ने योग को सिर्फ एक दिन के रूप में ना मनाते हुए बल्कि इसे अपनी दिनचर्या में हर दिन करने की बात कही गई तो वहीं उन्होंने लोकल प्रोडक्ट को ग्लोबल बनाने की बात भी कही है।
कैबिनेट मंत्री ने कहा कि हम सबको प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम से प्रेरणा प्राप्त होती है। उन्होंने सभी से प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़ने की बात कही।
इस अवसर पर कैंट विधायक सविता कपूर, मंडल अध्यक्ष सुमित पांडे, निवर्तमान पार्षद एवं कार्यक्रम संयोजक संजय सिंघल, युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष देवेंद्र बिष्ट, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सचिन गुप्ता, मंडल महामंत्री शेखर नौटियाल, शक्ति केंद्र संयोजक पंकज प्रजापति, बूथ अध्यक्ष पुष्पा शर्मा, बूथ अध्यक्ष कृपाल सिंह, रीमा ठाकुर सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री धामी ने दायित्वधारियों से की विकास संबंधी चर्चा



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में उत्तराखण्ड सरकार में विभिन्न विभागों के दायित्वधारियों के साथ बैठक कर प्रदेश के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की।
बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि दायित्वधारी सरकार और जनता के मध्य एक सेतु के रूप में कार्य करते हैं। जनभागीदारी से समृद्धि के संकल्प को साकार करने में आप सभी की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने उपस्थित सभी पदाधिकारियों से सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने हेतु समर्पण भाव से कार्य करने का आह्वान किया।
इस बैठक में अजेन्द्र अजय, ज्योति प्रसाद गैरोला, मधु भट्ट, सुरेश भट्ट, विनोद उनियाल, शमून कासमी, डॉ. देवेंद्र भसीन, बलराज पासी, विश्वास डाबर, शादाब शम्स समेत भारी संख्या में दायित्वधारी उपस्थित थे।

## मलबे में दबकर लापता हुए व्यक्ति का शव बरामद, यातायात बहाल

**कोटद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
कोटद्वार-पौड़ी हाईवे पर शनिवार को बारिश के बाद पहाड़ से मलबा गिरने से कोटद्वार से पौड़ी जा रहा मैक्स वाहन मलबे में दब गया था। इस दौरान चालक एवं तीन यात्रियों को चोटें आईं थीं। कोटद्वार-पौड़ी हाईवे पर पहाड़ से मलबा गिरने से हुए हादसे में लापता व्यक्ति की तलाश में एसडीआरएफ ने रविवार को भी सर्च अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने मलबे से व्यक्ति का शव बरामद कर लिया है। साथ ही मलबा हटाकर यातायात बहाल कर दिया गया है। बता दें कि कोटद्वार-पौड़ी हाईवे पर बारिश के बाद पहाड़ से मलबा गिरने से कोटद्वार से पौड़ी जा रहा मैक्स वाहन मलबे में दब गया था।

# बदरीनाथ विधानसभा उपचुनाव में भाजपा का विजय अभियान जारी रहेगाः सुयाल

**सुयाल ने कहा**

**जनता मन बना चुकी है कि भाजपा ही वह पार्टी है जो उनका विकास चाहती है और कर सकती है।**



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विनोद सुयाल ने कहा कि जनता मन बना चुकी है कि भाजपा ही वह पार्टी है जो उनका विकास चाहती है और कर सकती है। जनता ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को जीता कर यह साबित कर दिखाया है। लोकसभा चुनाव की तरह इस उपचुनाव में भी भाजपा का विजय अभियान जारी रहेगा।
प्रदेश प्रवक्ता सुयाल ने रविवार को गोपेश्वर में बदरीनाथ से भाजपा उम्मीदवार राजेंद्र भंडारी के समर्थन में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि भाजपा उम्मीदवार लंबे समय से बदरीनाथ विधानसभा क्षेत्र की जनता की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने इस विधानसभा में कई विकास कार्यों को आगे बढ़ाया है। यहां हम सबने डबल इंजन लगाना है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उत्तराखंड राज्य को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का काम कर रहे हैं। आज उत्तराखंड कई क्षेत्रों में मॉडल राज्य के रूप में आगे आया है।
उन्होंने कहा कि जनता की मांग पर काम करते हुए सरकार ने सबसे पहले प्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू किया। यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य बना है और इसका गौरव प्रत्येक उत्तराखंडवासी को प्राप्त है। धामी सरकार ने राज्य में सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है, जिससे अब सरकारी नौकरियों में पूर्ण पारदर्शिता के साथ परीक्षाएं संपन्न हो रही हैं। अब परिश्रम करने वाले छात्र परीक्षा में पास हो रहे हैं। कड़े आदेशों पर राज्य में सरकारी जमीनों पर हुए अतिक्रमण हटाने का काम निरंतर जारी है। अभी तक प्रदेश भर में पांच हजार एकड़ जमीन पर अतिक्रमण हटाया गया है। हल्द्वानी के बनपुरा में कुछ लोगों ने दंगा करने का प्रयास किया था, अब इस तरह की घटना फिर से ना हो उसके लिए मुख्यमंत्री ने दंगारोधी कानून लागू किया गया है।
उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के लोगों का लोककल्याण के कार्यों से कोई लेना-देना नहीं है। उत्तराखंड ने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के झूठ और पाखंड का जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव हारने के बाद कांग्रेस लोगों में भ्रम फैला रही है। कांग्रेस के छोटे से बड़े नेता का सुबह से शाम एक ही काम पर जोर रहता है कि भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और परिवारवाद को बढ़ावा देना है।विधानसभा प्रभारी विजय कपरूवान ने कहा कि हम इस उपचुनाव में बहुत मजबूत स्थिति में है। हमारे बूथ स्तर पर हमारे कार्यकर्ता अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### सात किलो गांजा के साथ महिला गिरफ्तार



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
डोईवाला पुलिस ने रविवार को एक महिला को 7 किलो 250 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित महिला का नाम हुस्नजहां बताया गया है।
यह गिरफ्तारी ड्रग फ्री देवभूमि 2025 अभियान के तहत की गयी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार हुस्नजहां थाना शिवहरा धामपुर, जिला बिजनौर (उत्तर प्रदेश) की रहने वाली है।

### मंगलम ग्लोबल एंटरप्राइजेज लिमिटेड करेगी खाद्य तेल रिफाइनरी और पैकेजिंग यूनिट का अधिग्रहण

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
अरंडी, सरसों, सोयाबीन तेल और उनके डेरिवेटिव्स की एक प्रमुख प्रोसेसर कंपनी मंगलम ग्लोबल एंटरप्राइज लिमिटेड ने 18 जून, 2024 को श्री गुरुकृपा ऑयल एंड फूड्स से जोतना, मेहसाणा, गुजरात में 19833 वर्ग गज की जमीन, प्लांट बिल्डिंग और मशीनरी खरीदने के लिए समझोता किया है। खरीदी गई परिसंपत्तियों अर्थात भूमि, संयंत्र एवं मशीनरी तथा भवन की खरीद, जिसकी स्थापित क्षमता 10.87 करोड़ रुपये है - खाद्य तेल रिफाइनरी एवं पैकिंग यूनिट, जिसकी क्षमता लगभग 1500 वर्ग फीट, 200 मीट्रिक टन प्रतिदिन, तथा 20 मीट्रिक टन प्रतिदिन की क्षमता वाला आयल सीड क्रशिंग प्लांट है। मेहसाणा प्लांट का अधिग्रहण आय बढ़ाने वाला है, क्योंकि इससे कारोबार बढ़ेगा और मार्जिन में सुधार करने में मदद मिलेगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को अपनी बैठक में आगामी खरीफ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मंजूरी दे दी। साल-दर-साल आधार पर औसत वृद्धि लगभग 5-6 प्रतिशत है जो मोटे तौर पर सामान्य प्रवृत्ति है। दलहन और तिलहन के लिए यह अधिक है क्योंकि सरकार घरेलू स्तर पर उनके उत्पादन को बढ़ाने और आयात को कम करने पर जोर दे रही है। एग्रो कंपनी को लाभ मिलने की उम्मीद है।
मंगलम ग्लोबल एंटरप्राइज लिमिटेड, गुजरात और राजस्थान से संचालित होने वाला ग्रुप मंगलम का कृषि उद्यम है, जो अरंडी का तेल, सरसों का तेल, सोयाबीन का तेल और उनके व्युत्पन्न उत्पादों के साथ-साथ गेहूं, चावल और कपास की जीनिंग का उत्पादन करता है। कंपनी के पास राजस्थान के बूंदी, गुजरात के बावला और कपडवंज में तेल निर्माण और अनाज प्रोसेसिंग की सुविधाएं हैं, जो दुनिया भर के ग्राहकों को तेल आपूर्ति करती हैं। पिछले कुछ वर्षों में कंपनी की बिक्री और लाभ मार्जिन में बैकवर्ड इंटरग्रेटिंग करके, यानी रणनीतिक रूप से आयल प्रोसेसिंग प्लांट के अधिग्रहण के कारण उल्लेखनीय सुधार हुआ है।
मंगलम समूह एक बहुराष्ट्रीय समूह है, जो 8 दशकों की समृद्ध विरासत रखता है। इसकी स्थापना 1942 में राजस्थान के ब्यावर में हुई थी। हमारे ऊजार्वान अध्यक्ष विपिन प्रकाश मंगल के नेतृत्व में, मंगलम समूह के विभिन्न महत्वपूर्ण उद्योगों जैसे कृषि (मंगलम एग्री), स्टेनलेस स्टील (मंगलम सारलोह), ई-कचरा प्रबंधन (मंगलम ईसीएस), विशेष रसायन (मंगलम ड्यूरा) और स्ट्रक्चर्ड फाइनेंस में काम कर रही है।
मंगलम समूह एक प्रमुख कॉर्पोरेट सिटिजन के रूप में समावेशी विकास की दिशा में कार्य करता है और समाज की बेहतरी और कल्याण में योगदान देता है। विपिन प्रकाश मंगल के साथ, समूह का नेतृत्व उनके पुत्र चाणक्य प्रकाश मंगल और चंद्रगुप्त प्रकाश मंगल कर रहे हैं। साथ मिलकर, वे समाज के विकास की गौरवशाली विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं, जिसमें लोगों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति, गुणवत्तापूर्ण उत्पाद और सेवाएं प्रदान करना, उद्योगों में नए रुझान स्थापित करना और नवाचार, निरंतर सुधार और विकास के माध्यम से सभी हितधारकों का विश्वास बनाए रखना शामिल है।

# प्रतिभाओं को आगे बढ़ाना आवश्यकः ऋतु खंडूरी भूषण



**डांस प्रतियोगिता**

**नाइट्स ऑफ कोटद्वार की डांस प्रतियोगिता में समिति व प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण ने बद्रीनाथ मार्ग पर स्थित प्रेक्षागृह कोटद्वार में आयोजित नाइट्स ऑफ कोटद्वार की डांस प्रतियोगिता में आयोजक समिति व प्रतिभागियों का हौंसला बढ़ाया।
विधानसभा अध्यक्ष ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि कोटद्वार जैसे शहर से इस तरह का टैलेंट निकालना बहुत जरूरी है। आज के बच्चों में आगे बढ़ने का एक अलग जुनून होता है जिसे सही मंच देकर आयोजक समिति ने विगत छह वर्षो से बहुत अच्छा कार्य किया जा रहा है।
विधानसभा अध्यक्ष ने सभी प्रतिभागियों, परिजनों और उनके शिक्षकों को बधाई देते हुए बताया कि आप उन चुनिंदा लोगों में से है जो इस नृत्य के माध्यम से इस धरा को नई ऊर्जा देने का कार्य कर रहे है। आज उत्तराखंड की संस्कृति और उत्तराखंड के लोगों का लोहा दुनिया ने माना है। हमारी संस्कृति हमारे उत्तराखंड के बच्चे आज विश्वभर में अपनी छवि बिखेरते हैं। नाइट्स ऑफ कोटद्वार के माध्यम से यह एक अच्छा मंच है जिससे कोटद्वार के बच्चे भी आगे बढ़ सकेंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी आयोजक समिति को बधाई देते हुए प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी।
इस अवसर पर जिला अध्यक्ष वीरेंद्र रावत, आयोजक विपिन रावत, मनी गुसाई, पंकज भाटिया, गायत्री भट्ट, गौरव जोशी, विराट रावत, आकाश राखी रावत आदि लोग उपस्थित थे।

## मंदाकिनी नदी से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**गुप्तकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) ने रविवार को गौरीकुंड के पास मंदाकिनी नदी से एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। शव की पहचान नहीं हो पाई है।
सोनप्रयाग थाना पुलिस ने मंदाकिनी नदी में एक व्यक्ति का शव देखा और एसडीआरएफ को सूचना दी। इसके बाद एसडीआरएफ टीम उप निरीक्षक अशीष डिमरी के नेतृत्व में मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला। टीम ने शव को शिनाख्त के लिए जिला पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

# वाहन से लटका मिला युवक का शव

**सनसनी**

**राजस्व पुलिस क्षेत्र में देर रात एक युवक का शव वाहन से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।**



**देहरादून/बागेश्वर /टीम एक्शन इंडिया**
राजस्व पुलिस क्षेत्र में देर रात एक युवक का शव वाहन से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। क्षेत्रवासियों ने युवक की हत्या की आशंका जताई है।
जानकारी के अनुसार राजस्व पुलिस क्षेत्र के भैरूचौबट्टा क्षेत्र में शनिवार की देर रात मैक्स वाहन से रस्सी के सहारे एक युवक का शव लटका था। युवक की पहचान मनोज कुमार पुत्र केसर राम के रूप में हुई है। युवक क्षेत्र का ही बताया जा रहा है।
सूचना मिलने के बाद राजस्व उप निरीक्षक जगदीश परिहार मौके पर पहुंचे और शव को रस्सी से उतारकर कब्जे में लिया। उन्होंने बताया कि युवक भैरूचौबट्टा का ही रहने वाला है। रविवार को शव का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम किया जाएगा।

# मंत्री जोशी ने प्रधानमंत्री के "मन की बात" कार्यक्रम को सुना



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को हाथीबड़कला स्थित कैंप कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम "मन की बात" के 111वें संस्करण को पार्टी कार्यकताओं और स्थानीय लोगों के साथ सुना।
'मन की बात' कार्यक्रम सुनने के बाद मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में वीर योद्धा सिद्धो-कान्हू के अदम्य साहस के बारे में बताया। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस पर एक खास अभियान "एक पेड़ मां के नाम" अभियान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने का आह्वान किया है।मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में लोगों को अनेक प्रकार की विभिन्न जानकारी मिलती है और लोगों को नए कार्य करने और समाज के लिए अनेक कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने मन की बात कार्यक्रम को अवश्य सुनने की सभी से अपील की। इस मौके पर पिथौरागढ़ जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी, बरेली जिलाध्यक्ष अधीर सक्सेना, शंकर पाण्डे, प्रमोद थापा, विनय गुप्ता, अरुणा शर्मा सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भाजपा उम्मीदवार ने पोखरी के गांवों व कांग्रेस ने उर्गम घाटी में किया जनसंपर्क

**उपचुनाव**

**बदरीनाथ विधानसभा उपचुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस पार्टी जोर शोर से प्रचार प्रसार में जुटी हैं।**




**गोपेश्वर**
बदरीनाथ विधानसभा उपचुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टी जोर शोर से प्रचार प्रसार में जुटी हैं। दोनों दलों के नेता गांव-गांव पहुंचकर अपने-अपने उम्मीदवार के लिए जनता से आशीर्वाद मांग रहे हैं। रविवार को कांग्रेस नेता जोशीमठ के उर्गम घाटी पहुंचे तो भाजपा उम्मीदवार ने पोखरी के गांवों में पहुंचकर अपने-अपने पक्ष में मतदान करने की अपील आम जनता से की।
भाजपा उम्मीदवार राजेंद्र सिंह भंडारी ने रविवार को पोखरी विकासखंड के कनचैरी, पोखठा, गोदीगिंवाला, ब्राह्मण थाला, ताली कंसारी, खन्नी, वल्ली आदि गांवों में घर-घर जाकर जनता का आशीर्वाद मांगा। भाजपा उम्मीदवार ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो क्षेत्र का विकास कर सकती है। भाजपा की केन्द्र सरकार ने गरीबों को आवास योजना, किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न योजनाएं चलायी हैं और आमजन आज इन योजनाओं का लाभ रहे हैं।
उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता रात-दिन प्रचार-प्रसार में जुटा हुआ है। कांग्रेस पार्टी केवल भ्रम फैलाने का काम कर रही है।
वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कांग्रेस उम्मीदवार लखपत बुटोला के समर्थन में उर्गम घाटी में जनता से संपर्क कर उम्मीदवार के लिए आशीर्वाद मांगा। उन्होंने उर्गम पहुंच कर पंचकेदार कल्पेश्वर के दर्शन कर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए भाजपा उम्मीदवार पर आरोप लगाया कि यह चुनाव भाजपा उम्मीदवार के निजी स्वार्थ के चलते जनता पर थोपा गया चुनाव है। इस चुनाव पर जो लाखों रुपये का खर्च हो रहा है वह जनता के टैक्स का पैसा है, इसलिए जनता को चाहिए कि इस उपचुनाव में भाजपा को सबक सिखाएं, ताकि जनता के टैक्स का पैसा इस तरह बर्वाद न हो।
इस मौके पर पूर्व विधायक पूर्व औद्योगिक सलाहकार कांग्रेस पार्टी रंजीत रावत, जिला पंचायत सदस्य सूरज सैलानी, कांग्रेस ब्लॉक के अध्यक्ष विक्रम फरस्वाण, प्रधान संगठन के अध्यक्ष अनूप नेगी, वन पंचायत सरपंच संघ के प्रकाश पंवार आदि मौजूद थे।

# स्मार्ट सिटी परियोजना की अवधि मार्च 2025 तक बढ़ायी गयी

**परियोजना**

**केन्द्र सरकार ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट का काम पूरा करने की टाइम बढ़ाकर मार्च 2025 कर दी है**


Government Of India
Ministry of Housing & Urban Affairs
(Smart Cities Division)

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
देहरादून को स्मार्ट शहर बनाने वाली परियोजना स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की अवधि 2025 तक बढ़ाई गई है। केन्द्र सरकार ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट का काम पूरा करने की टाइमलाइन जून 2024 से बढ़ाकर मार्च 2025 कर दी है। यह निर्देश आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय की ओर जारी किए गए। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत दून में ग्रीन बिल्डिंग के अलावा अन्य योजनाओं का काम लगभग पूरा हो चुका है। दून में प्रस्तावित स्मार्ट रोड, चाइल्ड फ्रेंडली सिटी प्रोजेक्ट, सीवर लाइन का कुछ कार्य पूरा होना बाकी है। साथ ही साथ ग्रीन बिल्डिंग परियोजना के लिए परियोजना की अवधि 2025 तक बढ़ा दी है।

# पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण और संवर्द्धन में सभी अपना योगदान अवश्य दें: मुख्यमंत्री

**पौधरोपण**

**▶▶मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने मन की बात में पौधरोपण को बढ़ावा देने की बात कही है।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि इस मानसून सीजन में अधिक से अधिक पौधरोपण कर पर्यावरण के संरक्षण और संवर्द्धन में अपना योगदान अवश्य दें।
मुख्यमंत्री धामी ने रविवार को बौद्ध, मठ क्लेमनटाउन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 111वें संस्करण को सुना। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने मन की बात में पौधरोपण को बढ़ावा देने की बात कही है। विश्व पर्यावरण दिवस पर ह्यएक पेड़ मां के नामह्न अभियान की शुरूआत की गई। पौधरोपण के साथ की जल संचय की दिशा में भी योगदान देने के लिए उन्होंने प्रदेश की जनता से आह्वान किया है।
मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में तिब्बती समुदाय के लोगों से भी अनुरोध किया कि पौधरोपण और जल संचय के अभियान में वे भी सक्रिय भागीदार बनकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि जल स्रोतों के पुनजीर्वीकरण की दिशा में सबको सामुहिक प्रयास करने होंगे।
मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने योग को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने का कार्य किया। 10वें अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस पर अनेक देशों में योग के बड़े कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। विश्व में योग करने वालों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की भूमि योग और आयुर्वेद की भूमि है। स्वस्थ जीवन के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की ओर से कर्मयोगी के रूप में भारत को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। भारत की सोच हमेशा से विश्व बंधुत्व की रही है।
इस अवसर पर विधायक विनोद चमोली, भाजपा के महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



# मुख्यमंत्री धामी ने सुनी जनसमस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश

**निर्देश**

**▶▶मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि वे नियमित तहसील दिवस और बीडीसी की बैठकों का आयोजन करवाएं।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिस समस्या का समाधान थाना, तहसील एवं जिला स्तर पर हो सकता है, वे समस्याएं अनावश्यक रूप से शासन स्तर पर न आएं। इस प्रकार की शिकायतें आने पर उन्होंने सबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने के भी निर्देश दिये हैं।
रविवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में मुख्यमंत्री धामी ने जन समस्याएं सुनी। उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जन समस्याओं के जल्द निराकरण के लिए समस्या या शिकायत जिस विभाग से सबंधित है, शीघ्र सबंधित विभाग को भेजकर उस पर की गई कार्यवाही की भी जानकारी ली जाए।
मुख्यमंत्री के समक्ष लोगों ने स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, आर्थिक सहायता, विद्युत, जमीन से संबंधित मामलों एवं अन्य समस्याएं रखीं। मुख्यमंत्री ने सभी समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि वे नियमित तहसील दिवस और बीडीसी की बैठकों का आयोजन करवाएं। इन बैठकों में सभी वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### वन पॉइंट वन सॉल्यूशंस लिमिटेड ने 304.53 करोड़ रुपये तक के फंड जुटाने की योजना की घोषणा की

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारत की अग्रणी बिजनेस प्रोसेस मैनेजमेंट सॉल्यूशंस कंपनी, वन पॉइंट वन सॉल्यूशंस लिमिटेड (एनएसईः वन प्वाइंट) ने एक महत्वपूर्ण वित्तीय पहल की घोषणा की है। कंपनी के निदेशक मंडल ने 304.53 करोड़ रुपये तक के फंड जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत, कंपनी 3,75,94,502 इक्विटी शेयर और 1,67,85,714 इक्विटी वारंट जारी करेगी। ये शेयर और वारंट 56 रुपये प्रति यूनिट की दर से प्रमोटर और गैर-प्रमोटर श्रेणी के निवेशकों को जारी किए जाएंगे। यह निर्णय शेयरधारकों और अन्य नियामक प्राधिकरणों के अनुमोदन के अधीन है। कंपनी 18 जुलाई को होने वाली असाधारण आम बैठक (ईओजीएम) में शेयरधारकों की मंजूरी लेगी।
**वित्तीय प्रदर्शन की झलक**
चौथी तिमाही (वित्त वर्ष 2024)
राजस्वः 53.29 करोड़ रुपये (37.62 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि)
एबिटाः 15.53 करोड़ रुपये (33.19 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि)
शुद्ध लाभः 6.66 करोड़ रुपये (125.76 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि)
**पूरा वित्त वर्ष 2024**
राजस्वः 175.16 करोड़ रुपये (21.44 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि)
एबिटाः 56.76 करोड़ रुपये (52.95 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि)
शुद्ध लाभः 21.38 करोड़ रुपये (143.5 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि)
प्रति शेयर आय (ईपीएस): 1.06 रुपये
**हाल के व्यावसायिक विकास**
आईटीक्यूब प्राइवेट लिमिटेड का अधिग्रहण
गेमिफिकेशन द्वारा प्रोडक्टिविटी बढ़ाने की पहल
जनरेटिव एआई, आरपीए और इंटेलिजेंट ऑटोमेशन का कार्यान्वयन
नए उच्च-मार्जिन वाले ग्राहकों का अधिग्रहण और मौजूदा ग्राहकों से अधिक व्यवसाय

### बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने लॉंच किया अपना मानसून सर्विस कैम्पेन

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने अपने पूरे डीलर नेटवर्क में मानसून सर्विस कैम्पेन शुरू करने की घोषणा की है। यह विशेष अभियान पूरे भारत में चलाया जाएगा। इसके माध्यम से आगामी मानसून सीजन के लिए कार को पूरी तरह तैयार किया जाएगा।
विक्रम पावाह, प्रेसीडेंट, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा कि बीएमडब्ल्यू ग्रुप मौसम की विशिष्ट चुनौतियों से निपटने के लिए अपने ग्राहकों के वाहनों को सबसे बढ़िया स्थिति में रखने के लिए वचनबद्ध है। हमारे मानसून सर्विस कैम्पेन की रूपरेखा बीएमडब्ल्यू और मिनी कारों की सुरक्षा तथा परफॉर्मेन्स बढ़ाने के लिए पूरी इन्स्पेक्शन, मेंटेनेन्स और आवश्यक अपग्रेड्स प्रदान करने के लिए बनाई गई है। हम ग्राहकों के लिए विश्वसनीयता और मन की शांति का महत्व समझते हैं तथा यह कैम्पेन शानदार सर्विस और सपोर्ट देने के प्रति हमारे समर्पण का प्रतीक है। प्रशिक्षित टेक्नीशियंस की समर्पित टीम, विशेषज्ञ वर्कशॉप टेक्नोलॉजीज और ओरीजनल बीएमडब्ल्यू पार्ट्स के द्वारा हम आपके लिए आरामदेह सफर का आनंद सुनिश्चित करते हैं।
मानसून सर्विस कैम्प की कल्पना वाहन के प्रभावकारी प्रबंधन, समय पर मेंटेनेन्स और बीएमडब्ल्यू एवं मिनी कारों की सामान्य समझ पर उपयोगी जानकारी एवं सुझाव देने के लिए की गई है। यह प्रोग्राम वाहन की व्यापक जाँच और जरूरी लगा तो एक बुनियादी कंडीशन-बेस्ड सर्विस भी प्रदान करता है, जिससे कार सबसे बढ़िया कंडीशन में रहती है। इस सर्विस का संचालन बीएमडब्ल्यू और मिनी के तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा किया जाता है। ग्राहक कार की सर्विसिंग के लिए वर्कशॉप में पहले से अपॉइंटमेण्ट बुक करा कर अपने डीलर से विशेष प्रमोशन एवं ऑफर्स पाने के लिए अपने निजी विवरण को चेक और अपडेट कर सकते हैं। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया अपने ग्राहकों से भारी वर्षा के दौरान और पानी भरे इलाकों में वाहन चलाते समय सावधानी बरतने का आग्रह करता है। ग्राहकों को हमारी सलाह है कि वे इंजन को नुकसान से बचाने के लिए बंद पड़े वाहन की इंजन को रिस्टार्ट करने की कोशिश नहीं करें। प्रभावित ग्राहक मदद के लिए 18001032211 पर बीएमडब्ल्यू/मिनी रोडसाइड असिस्टेन्स को या 18001022269 पर कस्टमर इंटरैक्शन सेण्टर में कॉल कर सकते हैं।

### शाम तक पहुंच सकता है पार्थिव शरीर

**पौड़ी/टीम एक्शन इंडिया**
बलिदान जवान भूपेंद्र सिंह नेगी के परिजन आज पैतृक गांव बिशल्ड पहुंचेंगे। वहीं, भूपेंद्र नेगी का पार्थिव शरीर देर शाम तक लैंसडौन पहुंचने की संभावना है।
लद्दाख के दौलत बेग ओल्डी इलाके में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास सेना के जवान टी-72 टैंक में सवार होकर नदी पार कर रहे थे।
इस दौरान जल स्तर बढ़ने में बलिदान हुए जवानों में एक जवान उत्तराखंड के पौड़ी जिले का भी था। उनके बलिदान होने की सूचना मिलने के बाद उनके पैतृक गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।
भूपेंद्र सिंह नेगी की पत्नी बच्चों को पढ़ाने लिए देहरादून में रहती है।

# बिना बताए घर से निकलीं तीन नाबालिग लड़कियों को पुलिस ने किया बरामद

**कार्रवाई**

**▶▶ लड़कियों ने बताया कि वे मां-बाप की डांट से नाराज होकर घर से चली गई थीं**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
घर वालों को बिना बताए चली गई तीन नाबालिग लड़कियों को हरिद्वार पुलिस ने तत्परता पूर्वक कार्रवाई करते हुए मुंबई से बरामद कर उनके परिजनों को सौंपा है। लड़कियों ने बताया कि वे मां-बाप की डांट से नाराज होकर घर से चली गई थीं।
25 जून को एक व्यक्ति ने चौकी खड़खड़ी आकर सूचना दी कि उनकी 02 बेटियां अपनी 01 सहेली के साथ जो तीनों नाबालिग हैं, घर से कुछ कपड़े, आधार कार्ड और अन्य सामान लेकर बिना बताए कहीं चली गई हैं और अभी तक वापस नहीं लौटी हैं। शिकायत पर कोतवाली नगर हरिद्वार पर अभियोग पंजीकृत किया गया।
कप्तान प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने प्रकरण को गंभीरता से लेकर पुलिस टीमों का गठन किया गया। टीम को पता चला कि तीसरी लड़की अपनी मां का फोन साथ लेकर गयी है। शाम की उक्त फोन की लोकेशन फरीदाबाद रेलवे स्टेशन के पास और अगले दिन सुबह बड़ोदरा गुजरात पाई गई। विश्लेषण करने पर यह संदेह उभर कर आया कि बच्चियां ऐसी ट्रेन में सवार हैं जो महाराष्ट्र जा रही है। इसके बाद विभिन्न माध्यमों से हरिद्वार से महाराष्ट्र जाने वाली ट्रेन की जानकारी की गई तो बांद्रा एक्सप्रेस व लड़कियों के फोन की लोकेशन विरार स्टेशन व पालकोट स्टेशन पर एक ही समय आयी।
पुलिस टीम ने महराष्ट्र पुलिस से मदद मांगी। बच्चियों की जानकारी एवं फोटो के आधार पर पुलिस ने तीनों लड़कियां सकुशल बरामद कीं। इसके बाद महाराष्ट्र से हरिद्वार पुलिस तीनों लड़कियों को हरिद्वार लायी। न्यायालय के आदेश पर उन्हें परिजनों के सुपुर्द किया गया।




# जनता से संवाद है "मन की बात" कार्यक्रम

**मन की बात**

**▶▶जनता से सीधे संवाद का ऐसा कार्यक्रम पूर्व में किसी भी प्रधानमंत्री ने नहीं किया: सतपाल महाराज**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने रविवार को करणपुर मण्डल के डीएल रोड स्थित वार्ड नंबर 13 पर भाजपा कार्यकताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम "मन की बात" को सुना। इस दौरान मंत्री ने कहा कि "मन की बात" कार्यक्रम देश की जनता से सीधे संवाद है। यह कार्यक्रम सामाजिक क्रांति का संवाहक होने के साथ अच्छे काम करने वालों को भी प्रोत्साहित करता है।
मंत्री महाराज ने कहा कि जनता से सीधे संवाद का ऐसा कार्यक्रम पूर्व में किसी भी प्रधानमंत्री ने नहीं किया। प्रधानमंत्री मोदी के संवाद में जीवन वास्तविकता दिखती है।
इस दौरान मण्डल अध्यक्ष राहुल लारा, मण्डल महामंत्री अवधेश तिवारी, उमा नरेश तिवारी, पवन वर्मा, देविका रानी, बॉबी कुमारी, मनोज कुमार, अजय पाल, सत्यपाल रोहिला, तारा चंद, महेश पाल, बरखा, पंडित भक्ति प्रसंन त्यागी, अनिता देवी, सुमन आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।




### चोराबाड़ी क्षेत्र में टूटा ग्लेशियर, खाई में समाया बर्फ का गुबार

**रुद्रप्रयाग/टीम एक्शन इंडिया**
बीती आठ जून को भी यहां ग्लेशियर टूटने की घटना हुई थी। बीते वर्ष मई व जून में भी चोराबाड़ी से लगे कंपेनियन ग्लेशियर क्षेत्र में पांच बार हिमस्खलन हुआ था।
चोराबाड़ी से ऊपर हिमालय की पर्वत श्रृंखलाओं में रविवार को ग्लेशियर टूट गया। इस दौरान बर्फ का गुबार उठा और कुछ देर बाद गहरी खाई में समा गया। मंदिर क्षेत्र में मौजूद कई यात्रियों ने इस प्राकृतिक दृश्य को अपने मोबाइल के कैमरे में कैद किया।
जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि गांधी सरोवर के ऊपर सुबह करीब पांच बजे एवलांच आया। हालांकि किसी जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है।

# देहरादून व उत्तराखंड के सभी लोकप्रिय सैलून में लॉन्च हुआ गोदरेज प्रोफेशनल का बोटोस्मूथ हेयर बोटॉक्स

**हेयर शो**

**▶▶-देहरादून में हेयर शो के जरिए पेश किया गया यह ट्रीटमेंट, -100 से अधिक सैलूनिस्ट ने दिखाया हुनर**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) के हेयर केयर, कलर, स्टाइलिंग और केराटिन के प्रोडक्ट वाले प्रोफेशनल हेयर ब्रांड गोदरेज प्रोफेशनल ने अपना नया हेयर बोटॉक्स ट्रीटमेंट - बोटोस्मूथ पेश किया है। यह ट्रीटमेंट उत्तराखंड के सभी पॉपुलर सैलून में लिया जा सकेगा। प्रोफेशनल सैलून ब्रांड ने इस हेयर बोटॉक्स उपचार को प्रदर्शित करने के लिए एक हेयर शो भी आयोजित किया, जिसमें पूरे राज्य से 100 से अधिक सैलूनिस्ट और स्टाइलिस्ट शामिल हुए। यह पहल न केवल नया ट्रीटमेंट शुरू करने के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता दर्शाती है, बल्कि इंडस्ट्री के पेशेवरों को नई तकनीक से लैस करने के ब्रांड का समर्पण भी इस पहल से झलकता है। गोदरेज प्रोफेशनल द्वारा पेश किया गया बोटोस्मूथ एक क्रांतिकारी ट्रीटमेंट है जो सभी प्रकार के बालों की जड़ों को फिर से जमाता और उन्हें नया जीवन देता है।
इस ट्रीटमेंट की सबसे खास बात है कि इसमें फॉर्मलाडेहाइड का उपयोग बिलकुल नहीं किया जाता है। ऐसे में अन्य ट्रीटमेंट की तुलना में यह बहुत सुरक्षित है। फॉर्मलाडेहाइड के बिना भी यह बालों को बेहद मुलायम, फिज-फ्री बनाता है और उन्हें नेचुरल स्ट्रेटकृलुक हेयर में बदल देता है, जिनका 30 से 60 बार सिर धोने पर भी कुछ नहीं बिगड़ता। आर्गन ऑयल, ग्रेप सीड ऑयल, कोकोनट ऑयल, सनफ्लॉवर ऑयल और शिया बटर सहित पौष्टिक न्यूट्री ऑयल के मिक्सचर से समृद्ध बोटोस्मूथ बालों की देखभाल में जबरदस्त बदलाव लाने, एक्सीलेंस के नए पैमाने बनाने और हर दिन अपने बालों को बेहतर बनाने में मदद करता है।
उत्तराखंड में बोटोस्मूथ के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) के जनरल मैनेजर अभिनव ग्रांधी ने कहा कि हम पहले से ही प्रोफेशनल हेयर केयर कैटेगरी में हेयरकेयर और कलर में विशेषज्ञता के साथ मशहूर हैं, हेयर बोटॉक्स ट्रीटमेंट हमारा इससे अगली कैटेगरी में कदम है। बोटोस्मूथ एक बेहतर फॉर्मूलेशन है जो फॉर्मलाडेहाइड से मुक्त है और चिकने, लंबे समय तक बने रहने वाले और फिज-फ्री बाल देता है। बोटोस्मूथ जैसे क्रांतिकारी प्रोडक्ट ग्राहकों के लिए सैलून के अनुभव को बेहतर बनाते हैं और सैलून मालिकों को अपने बिजनेस में तरक्की देते हैं। उन्होंने आगे कहा, श्सैलून हेयर केयर ट्रीटमेंट में सबसे बेहतरीन रिजल्ट पाने के लिए नए हेयर ट्रीटमेंट के स्किल को सिखाना बहुत मायने रखता है। गोदरेज प्रोफेशनल उत्तराखंड भर के स्टाइलिस्टों को इंटरनेशनल हेयरड्रेसर और इंडस्ट्री के स्पेशलिस्ट से ट्रेनिंग दिलवाते हुए यही कर रहा है।

# नेशनल डॉक्टर्स डे पर डॉक्टरों का किया सम्मान

**एपिसोड**

**▶▶ मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन की ओर से सभागार में नेशनल डॉक्टर्स डे मनाया गया**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन की ओर से राजपुर रोड स्थित एक सभागार में नेशनल डॉक्टर्स डे मनाया गया। इस अवसर पर संगठन ने हेल्थ केयर आइकॉन ऑफ द ईयर सम्मान से सभी डॉक्टरों को सम्मानित किया।
मुख्य अतिथि उत्तराखंड हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस राजेश टंडन व पद्मश्री डॉ. भूपेंद्र कुमार संजय ने डॉक्टर का मनोबल बढ़ाया और कहा कि नेशनल डॉक्टर्स डे का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। साथ ही जीवन देने वाले डॉक्टरों के प्रति सम्मान व्यक्त करना है। डॉ. गौरव संजय ने डॉक्टर डे के बारे में बताया।
डॉ. बीके एस संजय ने इस दिन को डॉ. बिधान चंद्र राय को समर्पित करते हुए कहा कि उनका जन्म एक जुलाई 1882 को हुआ था और इसी दिन 1962 में उनकी मृत्यु हुई थी। बीसी राय स्वतंत्रता सेनानी के साथ एक सम्मानित डॉक्टर भी थे, जिन्हें चार फरवरी 1961 को भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। डॉक्टर डे की शुरूआत वर्ष 1991 से हुई थी, तभी से यह दिवस डॉक्टर डे के रूप में मनाया जाने लगा।
राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन जैन ने संगठन की गतिविधियों को साझा किया। प्रदेश अध्यक्ष मधु जैन ने सम्मानित होने वाले डॉक्टर्स को सलाम किया।
**हेल्थ केयर आइकॉन ऑफ द ईयर सम्मान से डॉक्टर्स सम्मानित**
डॉक्टर डे पर डॉ. एसएन सिंह, आरबी कालिया, प्रवीण मित्तल, बीके एस संजय, गौरव संजय, मयंक जैन, प्रथा प्रतिम विष्णु, शिव उपाध्याय, पवन कुमार गोयल आदि को हेल्थ केयर आइकॉन ऑफ द ईयर सम्मान से सम्मानित किया गया।



# गोपेश्वर जिला अस्पताल में हुआ ट्यूमर का सफल ऑपरेशन

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिला मुख्यालय गोपेश्वर स्थित जिला चिकित्सालय में एक महिला के लीवर में 10-10 सेंटीमीटर की तीन गांठे एवं अण्डाशय में एक किलो के बड़े ट्यूमर को डॉक्टरों के टीम ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद सर्जरी कर सफलतापूर्वक निकाला। जिला चिकित्सालय में यह ऑपरेशन सर्जन डॉ. नीरज पिमोली के नेतृत्व में की गई। डॉक्टरों की टीम में एनेस्थेटिक डॉ. गौरव रूंगटा, नर्सिंग अधिकारी वंदना नौटियाल, इंदु बिष्ट, सुगंधा, टीनू रानी, अल्वीन, बंदना सती, गौतम हिंदवाल, गौरव कुमार, भारती आदि का सहयोग रहा।



ऑपरेशन के बाद सर्जन डॉ. पिमोली ने बताया कि महिला मरीज के लीवर में 10 सेंटीमीटर के तीन गांठे एवं अण्डाशय में ट्यूमर था। इसके कारण उसकी तबीयत बिल्कुल नाजुक हो गई थी। महिला खून की कमी से भी ग्रस्त थी। हीमोग्लोबिन की कमी के कारण वह एनीमिया की शिकार थी। इसलिए ऑपरेशन करना संभव नहीं था। चिकित्सकों ने पहले मरीज के ग्रुप का रक्त का इंतजाम किया। मरीज को कुल तीन यूनिट ब्लड चढ़ाया गया। इसके बाद ऑपरेशन किया गया। करीब एक घंटे तक चले ऑपरेशन में गांठे और ट्यूमर निकाला गया। उन्होंने बताया कि यदि समय रहते महिला का आपरेशन नहीं किया जाता तो महिला को कैंसर होने की संभावना थी। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के बाद महिला पूरी तरह स्वस्थ है।
सर्जन डॉ. पिमोली ने बताया कि पाना गांव की उषा देवी जिनकी उम्र 28 वर्ष है उनको एक महीने पहले पेट में दर्द की शिकायत हुई। महिला के परिजन उसे इलाज के लिए जिला चिकित्सालय गोपेश्वर ले आए। जिला चिकित्सालय गोपेश्वर में जांच एवं परीक्षण के उपरांत उन्हें ऑपरेशन की सलाह दी। महिला एवं उसके परिजनों की सहमति के उपरांत महिला का जिला चिकित्सालय में सफल ऑपरेशन हुआ।
मरीज ऑपरेशन अटल आयुष्मान योजना के अंतर्गत निःशुल्क किया गया। ऑपरेशन के बाद के सभी चिकित्सा का खर्चा अटल आयुष्मान योजना के अंतर्गत किया जाएगा जिससे महिला का धन एवं समय की बचत हुई।
महिला के पति हिम्मत सिंह ने बताया कि स्वास्थ विभाग की ओर से चलाई जा रही निःशुल्क अटल आयुष्मान योजना हमारे सुदूरवर्ती क्षेत्र के निर्धन लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है।

# मंत्री ने सुना 'मन की बात' कार्यक्रम

**एपिसोड**

**▶▶ उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का हर एपिसोड नई प्रेरणा देने का काम करता है।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद देहरादून के हरिपुर कला में बूथ संख्या 172, वार्ड संख्या 9 में मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के 111वें एपिसोड को सुना। डॉ. अग्रवाल ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के बाद कहा कि प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में संस्कृत और संस्कृति की बात की।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का हर एपिसोड नई प्रेरणा देने का काम करता है।
इस मौके पर रायवाला मंडल की अध्यक्ष शिवानी भट्ट, विनोद भट्ट, नरेंद्र सेमवाल, मुकेश भट्ट, हरीश जोशी, पंकज पाल, संदीप शर्मा, प्रियांशु वैभव पोखरियाल, सुंदरलाल गौड़, देवेंद्र शर्मा आदि उपस्थित थे।

## संपादकीय

# अमेरिका का असली चेहरा हुआ उजागर

**विदेशी** शक्तियों द्वारा भारतीय चुनावों को प्रभावित करके नरेन्द्र मोदी को सत्ता से बेदखल करने के सारे प्रयासों को धूल चटाते हुए नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार सरकार बना ली है किन्तु यह गठबंधन सरकार है और भाजपा के पास पूर्ण बहुमत नहीं है। भारत में सत्ता परिवर्तन में असफल रहने के बाद, भारत विरोधी ताकतें एक बार फिर सक्रिय हो गई हैं क्योंकि इनको लग रहा है कि चूंकि वर्तमान लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी को अकेले पूर्ण बहुमत नहीं है तो यही समय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के विश्व के शक्तिशाली देशों में शामिल होने और तीसरी सबसे सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के संकल्प को तोड़ा जा सकता है। मोदी के शपथ ग्रहण के साथ ही ये शक्तियां काम पर जुट गई हैं और स्वाभाविक रूप से भारत में बैठे इनके समर्थक उसमें सहायता दे रहे हैं। लोकसभा में भाजपा की सीटों की संख्या कम हो जाने का राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दुष्प्रभाव मात्र बीस दिनों में ही सामने आने लगा है। चुनावों से पूर्व जो भारत विरोधी ताकतें मोदी सरकार को हारने में लगी थीं अब सरकार का मनोबल तोड़ने और हर दिन उसके गिरने की बात कर रही हैं । सरकार के विरुद्ध पहले दिन से ही मुद्दे देने का काम आरम्भ हो चुका है जिसका आरम्भ एलन मस्क ने ईवीएम मशीनों पर बयान देकर किया और यहां के विरोधी दलों ने उसको आधार मानकर एक बार फिर ईवीएम पर बहस छेड़ दी । महाराष्ट्र के एक टेबलायड ने तो एक केंद्र पर ओटीपी से ईवीएम हैक होने की कहानी भी बना दी। विपक्ष प्रधानमंत्री के जी-सेवेन में जाने पर प्रश्न उठाने लगा किया और अब अमेरिका से भारत में धार्मिक स्वतंत्रता पर भेदभाव को लेकर एक रिपोर्ट आई है । दूसरी तरफ एक समचार यह भी आ रहा है कि नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बन जाने से पाकिस्तान परेशान है क्योंकि भाजपा की ओर से चुनाव प्रचार के दौरान लगातार यह बात कही गई थी कि पीओके भारत का अभिन्न अंग है, वहां की धरती पर पाकिस्तान का कब्जा पूरी तरह से अवैध है । मीडिया की मानें तो पाकिस्तान भारत से सीधी बातचीत करने के लिए उतालवा है तथा अमेरिका के माध्यम से भारत पर सीधी बातचीत का दबाव डलवाने का प्रयास कर रहा है। भारत में नई सरकार के गठन के बाद, अमेरिका से इस विषय को लेकर यद्यपि एक सधा सा बयान आया था किंतु उसका परोक्ष संकेत यही था कि अब भारत व पाकिस्तान को आमने सामने बैठकर सीधी वार्ता करनी चाहिए । स्मरणीय है कि चुनावों से पूर्व ही अमेरिका भारतीय संसद से पारित सीएए कानून की निंदा भी कर चुका है। आगामी समय भारत के लिए कठिन होने की आशंका व्यक्त जा रही है क्योंकि अब राहुल गांधी लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बन चुके हैं और मुस्लिम तुष्टिकरण में किसी भी सीमा तक जाने की राजनीति करने वाले दलों के सांसदों की संख्या 234 तक पहुंच गई है। कांग्रेस के 98 सांसदों के अतिरिक्त मुस्लिमों पर आधारित समाजवादी पार्टी के 37, सनातन हिंदू समाज के उन्मूलन का स्वप्न देखने वाले तमिलनाडु से द्रमुक के 21 तथा हिन्दुओं को तृतीय श्रेणी का नागरिक मानने वाली बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के 29 सांसद हैं । इन सभी दलों के विचारक व कार्यकर्ता मुसलमानों के उत्पीड़न की फर्जी कहानियां और वीडियो बनाकर भारत विरोधी विदेशी ताकतों को बेचते हैं और फिर ये ताकतें उन कहानियों और वीडियो के आधार पर सरकार विरोधी वातावरण बनाने का कार्य करते हैं।

# मध्यम वर्ग और आगामी बजट



प्रेम शर्मा

> “अब बजट के माध्यम से पैसे का आवंटन करने की तैयारी है। इस तरह सरकार अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का भी बजट बढ़ाने पर विचार कर रही है। इस बार युवाओं के लिए रोजगार पर भी विशेष ध्यान रहेगा। यही नही केन्द्र सरकार के कई विभागों में भारी भरकम रिक्तियों को भी भरने के लिए चरणबद्ध भर्ती प्रक्रिया शुरू कराने पर विचार कर रही है। आम चुनाव के नतीजे उम्मीद के मुताबिक न आने के बाद से भाजपा सरकार युवाओं को साधने की कोशिश कर रही है। ज्ञात हो कि इस वर्ष के अंत में कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव भी होने हैं, जिसमें भाजपा को लगता है कि अगर युवा वर्ग नाराज हुआ तो नुकसान उठाना पड़ सकता है ”

**अपेक्षा** और दावे के विपरीत आए चुनाव परिणामों से भाजपा का शीर्ष नेतृत्व चितिंत है। उसे समझ में आ गया है कि मध्यम वर्ग की उपेक्षा के कारण वह चुनाव में अपना लक्ष्य पूरा नही कर पाई। ऐसे में आगामी आम बजट के जरिए केंद्र की भाजपा सरकार चुनावी घोषणा पत्र के वादों को पूरा करने की तैयारी में है। माना जा रहा है कि इस बार का बजट युवा, रोजगार, महिला, बुजुर्ग और मध्यम वर्ग पर केंद्रित होगा। इसके लिए सरकार जहां आयुष्मान भारत से पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज को जारी रखेगी वहीं 70 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों को मुफ्त इलाज मुहैया कराने का रास्ता भी साफ करेगी भाजपा ने चुनाव से पहले घोषणा की थी कि आयुष्मान भारत के तहत 70 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों को मुफ्त में इलाज मुहैया कराया जाएगा। अब बजट के माध्यम से पैसे का आवंटन करने की तैयारी है। इस तरह सरकार अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का भी बजट बढ़ाने पर विचार कर रही है। इस बार युवाओं के लिए रोजगार पर भी विशेष ध्यान रहेगा। यही नही केन्द्र सरकार के कई विभागों में भारी भरकम रिक्तियों को भी भरने के लिए चरणबद्ध भर्ती प्रक्रिया शुरू कराने पर विचार कर रही है। आम चुनाव के नतीजे उम्मीद के मुताबिक न आने के बाद से भाजपा सरकार युवाओं को साधने की कोशिश कर रही है। ज्ञात हो कि इस वर्ष के अंत में कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव भी होने हैं, जिसमें भाजपा को लगता है कि अगर युवा वर्ग नाराज हुआ तो नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसलिए युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए केंद्र सरकार अपने खजाने का मुंह खोलने को तैयार है। इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेश, उत्पादन, उच्च मूल्य वाली सर्विस, स्टार्टअप, पर्यटन और खेल के क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने की संभावना तलाशी जा रही है। रोजगार पैदा करने वाले इन क्षेत्रों से जुड़ी परियोजनाओं में निवेश को बढ़ाने और नई परियोजनाओं को बजट के माध्यम से स्वीकृति मिलने की संभावना है।



**भाजपा सरकार भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने को लेकर लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पैरवी कर रही है। रोजगार के लिए महिला स्वयं सहायता समूह को सेवा क्षेत्र से जोड़ने का रास्ता खुल सकता है। इससे निम्न और मध्यवर्ग की महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे**

भाजपा सरकार भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने को लेकर लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पैरवी कर रही है। रोजगार के लिए महिला स्वयं सहायता समूह को सेवा क्षेत्र से जोड़ने का रास्ता खुल सकता है। इससे निम्न और मध्यवर्ग की महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। क्योंकि स्वयं सहायता समूह में इन्हीं वर्गों की महिलाएं सबसे ज्यादा कार्यरत हैं। महिलाओं की जन सुविधा के लिए सरकार बड़े शहरों में सार्वजनिक स्थानों पर शौचालय बनाने को लेकर भी अलग से योजना ला सकती है। देशभर में महिलाओं के सामने सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर और ओस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारी की बड़ी समस्या है, जिसके लिए सरकार राष्ट्रीय स्तर पर विशेष स्वास्थ्य प्रोग्राम संचालित करने का ऐलान भी कर सकती है। इस बार सरकार की वित्तीय स्थिति काफी अच्छी है। जीएसटी समेत अन्य कर संग्रह तेजी से बढ़ रहा है। अप्रैल महीने में जीएसटी का अब तक का उच्चतम 2.10 लाख करोड़ रुपये का कर संग्रह हुआ। हालांकि, इसमें मई महीने में थोड़ी गिरावट आई थी लेकिन उसके बावजूद 1.73 लाख करोड़ रुपये सरकार के खजाने में आया। इस तरह से बाकी मदों से भी सरकार की आमदनी बढ़ी है।

इसलिए सरकार वित्तीय स्थिति को देखते हुए अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए अपनी जनकल्याणकारी और महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के लिए बजट में बड़े ऐलान कर सकती है। युवा एवं पढ़े लिखें बेरोजगारों, प्रतियोगी परीक्षाओं चल रही धांधली से नाराज युवाओं की नाराजगी दूर करने के लिए केंद्र सरकार अपने खजाने का मुंह खोलने को तैयार है। रोजगार पैदा करने वाले इन क्षेत्रों से जुड़ी परियोजनाओं में निवेश को बढ़ाने और नई परियोजनाओं को बजट के माध्यम से स्वीकृति मिलने की संभावना है। भाजपा सरकार भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने को लेकर लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पैरवी कर रही है। जानकारों के अनुसार इस बार का बजट आधारभूत ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं को आगे बढ़ाने का होगा। इसके लिए सरकार सड़क, रेल, बंदरगाह, बिजली, ग्रीन एनर्जी, एयरपोर्ट, मेट्रो समेत अन्य क्षेत्रों से जुड़ी परियोजनाओं को लेकर बड़ी घोषणा हो सकती हैं। इन परियोजनाओं के जरिए रोजगार के बड़े अवसर भी पैदा होंगे। इस तरह से उत्पादन और सर्विस क्षेत्र को लेकर भी बड़ी घोषणाएं संभव है, जिसमें सबसे ज्यादा कुशल व प्रशिक्षित युवाओं की जरूरत पड़ेगी। युवा अपने दम पर कारोबार के क्षेत्र में आगे बढ़ें, इसके लिए स्टार्टअप पर दी जा रही छूट को आगे भी जारी रखा जा सकता है कुछ अतिरिक्त ऐलान भी स्टार्टअप को लेकर किए जा सकते हैं। खेल और पर्यटन से जुड़ी मदों का बजट भी बढ़ाया जा सकता है। चुनाव से पहले भाजपा ने घोषणा पत्र में युवाओं के लिए इन सभी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करने का वादा भी किया था।

यही नही बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से परेशान मध्यम वर्ग के लिए आगामी बजट में वित्त मंत्री सीतारमण अभूतपूर्व घोषणाए कर सकती है। इस बॉत के संकेत गत दिवस बजट में राहत और आर्थिक सुधार के संकेत राष्ट्रपति अभिभाषण से भी मिले। श्री मुर्मू ने कहा कि आगामी बजट भविष्यदर्शी दस्तावेज होगा।

सभी सुधारों को तेजी से आगे बढ़ाने का प्रावधान होगा। बजट में सरकार की ओर से ऐसे कई बड़े आर्थिक और सामाजिक फैसले लिए जाएंगे जिससे सरकार की दूरगामी नीति और भविष्य की दूरदर्शिता नजर आएगी।

## कविता

### "झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव
---------

## कॉमन एडमिशन टेस्ट (कैट) से परे

**विजय गर्ग**

यदि आप भारत में एमबीए करने के इच्छुक हैं और प्रसिद्ध कैट (कॉमन एडमिशन टेस्ट) से परे प्रवेश परीक्षाओं की तलाश में हैं, तो कई तरह की परीक्षाएं हैं जो देश भर में शीर्ष बिजनेस स्कूलों के लिए दरवाजे खोल सकती हैं। यहां विभिन्न एमबीए प्रवेश परीक्षाओं पर एक नजर डाली गई है, जिनमें से प्रत्येक का अपना अनूठा दृष्टिकोण, समयसीमा और लाभ हैं। ये विकल्प आपकी ताकत और करियर लक्ष्यों के लिए सही विकल्प ढूंढने में आपकी मदद कर सकते हैं। 1. कैट (कॉमन एडमिशन टेस्ट) द्वारा संचालितः आईआईएम (भारतीय प्रबंधन संस्थान) मुख्य विशेषताएंः आईआईएम और अन्य शीर्ष बी-स्कूलों में प्रवेश के लिए व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त। परीक्षा समयरेखाः आमतौर पर नवंबर/दिसंबर में आयोजित की जाती है। 2. एमऐटी (मैनेजमेंट एप्टीट्यूड टेस्ट) संचालनः एआईएमए (अखिल भारतीय प्रबंधन संघ) मुख्य विशेषताएंः लचीली परीक्षा तिथियां और पूरे भारत में बिजनेस स्कूलों की एक विस्तृत श्रृंखला द्वारा स्वीकार्य। परीक्षा समयरेखाः वर्ष में चार बार (फरवरी, मई, सितंबर और दिसंबर) आयोजित की जाती है। 3. (जेवियर एप्टीट्यूड टेस्ट) संचालनः एक्सएलआरआई, जमशेदपुर मुख्य विशेषताएंः अपने चुनौतीपूर्ण निबंध लेखन अनुभाग के लिए जाना जाता है और देश भर में शीर्ष बी-स्कूलों द्वारा मान्यता प्राप्त है। परीक्षा समयरेखाः आमतौर पर जनवरी में आयोजित की जाती है। 4. स्नैप (सिम्बायोसिस नेशनल एप्टीट्यूड टेस्ट) संचालनः सिम्बायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी मुख्य विशेषताएंः अद्वितीय अंकन योजना और एमबीए प्रोग्राम की पेशकश करने वाले सभी सिम्बायोसिस संस्थानों द्वारा स्वीकृत। परीक्षा समयरेखाः आमतौर पर दिसंबर में आयोजित की जाती है। 5. जीमैट (स्नातक प्रबंधन प्रवेश परीक्षा) द्वारा संचालितः जीएमएसी (स्नातक प्रबंधन प्रवेश परिषद) मुख्य विशेषताएंः भारत सहित दुनिया भर में एमबीए कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है। परीक्षा समयरेखाः पूरे वर्ष की पेशकश, उम्मीदवार अपनी सुविधा के अनुसार अपनी परीक्षा तिथि चुन सकते हैं। ६) सीएमऐटी द्वारा एनएमऐटी (नरसी मोनजी मैनेजमेंट एप्टीट्यूड टेस्ट) द्वारा संचालितः जीएमएसी मुख्य विशेषताएंः लचीली शेड्यूलिंग और स्कोर सुधारने के लिए कई प्रयास। परीक्षा समयरेखाः अक्टूबर से दिसंबर तक तीन महीने की अवधि में आयोजित की जाएगी। 7. (कॉमन मैनेजमेंट एडमिशन टेस्ट) द्वारा संचालितः एनटीए (राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी) मुख्य विशेषताएंः मात्रात्मक तकनीक, तार्किक तर्क, भाषा समझ और सामान्य जागरूकता पर परीक्षण।

परीक्षा समयरेखाः आमतौर पर जनवरी में आयोजित की जाती है। 8. आईआईएफटी प्रवेश परीक्षा (भारतीय विदेश व्यापार संस्थान) द्वारा संचालितः एनटीए (राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी) मुख्य विशेषताएंः अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और व्यापार पर ध्यान केंद्रित करता है, जो वैश्विक करियर के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए आदर्श है। परीक्षा समयरेखाः आम तौर पर दिसंबर में आयोजित की जाती है।

## विचार

# अमेरिका का असली चेहरा हुआ उजागर

**संविधान की दुविधा**

हमारे देश का संविधान बड़ा ही आतंकित है, आशंकित है। उसकी समझ में नहीं आ रहा है कि वह क्या करे, कहाँ जाकर अपने आप को बचाए। दुनिया में न जाने कितने देशों में संविधान है पर किसी पर ऐसी आफत नहीं आई जैसा हमारे देश की संविधान पर आई है। हमारे देश के सांविधान के प्रावधान कई देशों के संविधान को ध्यान में रखकर किया गया है। पर जो दर्द हमारे देश के संविधान को झेलना पड़ रहा वह किसी और देश के संविधान ने नहीं झेला। दरअसल दुनिया के किसी देश में हमारे देश के नेताओं जैसे विलक्षण नेता हैं भी तो नहीं। सबसे पहले संविधान यह सोच कर अचंभित है कि उसे बाबा साहब का संविधान कहकर क्यों पुकारा जाता है। क्यों उसे बाबा साहब की निजी संपत्ति के रूप में दशार्या जा रहा है जबकि प्रस्तावना, ह्यहम भारत के लोग.......ह्न के अनुसार तो वह सभी भारतीयों का संविधान है। उसके बनाने में बाबा साहब के अतिरिक्त कितने लोगों ने परिश्रम की है। एम एन रॉय, से उसकी कहानी शुरू होती है जिन्होंने 1934 में संविधान सभा का प्रस्ताव रखा था। डॉक्टर सचिदानंद सिन्हा प्रथम अस्थाई अध्यक्ष थे संविधान सभा के। डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद इसके अध्यक्ष बने। हरेन्द्र कुमार मुखर्जी इसके उपाध्यक्ष थे। बी एन राउ सलाहकार थे। दो सौ से ज्यादा सदस्य थे इस सभा के। इसमें कोई दो मत नहीं कि महामानव बाबा साहब आंबेडकर इसकी ड्राफ्टिंग कमिशन के चेयरमैन थे। पर संविधान को सिर्फ बाबा साहब के नाम से क्यों जाना जाता है। अब संविधान को क्या पता कि हमारे नेताजी सिर्फ उसी का नाम लेते हैं जिसके नाम लेने से वोट मिलता है खटाखट खटाखट।

संविधान इस बात से भी आशंकित था कि चार जून 2004 के अगले दिन जो की पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है पूरे विश्व में, उस पर राजनीतिक पर्यावरण का क्या प्रभाव पड़ेगा। सत्तापक्ष और विरोधी दोनों एक दूसरे के बारे में बता रहे हैं कि यदि वो जीता तो संविधान को बदल देगा। क्या वे संविधान को बदल कर ह्यविषमविधानह्न कर देंगे? संशोधन का सैकड़ा तो लग चुका है। कई बार माननीय न्यायालयों के फैसलों को बदलने के लिए भी संशोधन हो चुका है। पर अब तो संशोधन के स्थान पर बदलने की बात हो रही थी । एक कहता था कि वो सत्ता में आएगा तो आरक्षण देने के लिए संविधान बदल देगा; फलां धारा को वापस ले आएगा। कोई कहता है कि वो सत्ता में आएगा तो लोकतंत्र खतम हो जाएगा। सभी भयावह चित्र प्रस्तुत कर रहे थे कि वो सत्ता में आएगा तो क्या करेगा। कोई यह नहीं बतला रहा कि वह सत्ता में आएगा तो क्या करेगा। कम से कम अपने सत्ता में आने पर संविधान पर क्या कृपा करेंगे यह तो बताते। ऐसी स्थिति में संविधान का कलेजा मुंह को आ रहा था। अब संविधान का पॉकेट संस्कारण लेकर घूमने टहलने का वक्त आ गया है। शपथ लेते वक्त भी लोग हाथ में संविधान की प्रति लिए रहते हैं। कोई शपथ लेने के बाद संविधान की जयजयकार कर रहा है तो कोई किसी देश का तो कोई किसी प्रदेश का।

किसी ने पढ़ा है संविधान को यह यह दावा तो नहीं किया जा रहा है किसी के द्वारा। संविधान यह नहीं समझ पा रहा कि हमारे नेताओं में इतनी मेधा कैसे है कि खत का मजमून भाँप लेते हैं लिफाफा देखकर और संविधान के प्रवाधान को जान लेते हैं सिर्फ पॉकेट एडिशन रखकर।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, दैनिक एक्शन इंडिया कार्यालय, 7/1, बल्लूपुर रोड, डॉ टीपी पटनायक के सामने, कृष्ण नगर चौक के पास, देहरादून, उत्तराखण्ड ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**स्थानीय संपादक : हिमांशु अनिकेत (9837313943)**
**actionindiaddn@gmail.com**

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# विद्यालय पाठ्यक्रम में समाचार पत्र

**डॉ.रामानुज पाठक**

**देश के** दक्षिणी छोर के राज्य केरल के सभी विद्यालयों में प्रत्येक कक्षा के छात्रों को समाचार पत्र उपलब्ध कराने और इसे पाठ्यक्रम का अभिन्न हिस्सा बनाने की पहल की जा रही है, जो एक जागरूक, साक्षर और सक्रिय पीढ़ी को बढ़ावा देने की दिशा में प्रशंसनीय कदम है। केरल राज्य शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) द्वारा उठाया गया यह कदम छात्रों के बीच पढ़ने की संस्कृति और भाषा कौशल को बढ़ाने में समाचार पत्र की भूमिका की समझ को दशार्ता है। डिजिटल स्क्रीन के वर्चस्व वाले युग में समाचार पत्र पढ़ने की आदत सूचना उपभोग के लिए अधिक विचारशील दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करती है।

समाचार पत्र ज्ञान के समृद्ध भंडार होते हैं, जो नियमित रूप से पढ़ने वाले पाठकों को राजनीति, अर्थशास्त्र, विज्ञान, संस्कृति और खेल से जुड़ी वर्तमान घटनाओं के साथ लगातार अद्यतन करते रहते हैं। स्कूल के पाठ्यक्रम में समाचार पत्र को शामिल करने से छात्रों को वास्तविक समय की जानकारी प्राप्त होगी। स्कूली पाठ्यक्रम में समाचार पत्र को शामिल करके केरल उदाहरण स्थापित कर रहा है, जिसका अनुगामी अन्य राज्यों को भी बनना चाहिए। समाचार पत्र वाचन और लेखन से छात्रों में विविध दृष्टिकोणों तक सीधी पहुंच प्राप्त होगी, जिससे उन्हें अपने आस-पास की दुनिया की सूक्ष्म समझ विकसित करने में मदद मिलेगी। इस पहल का सबसे महत्वपूर्ण लाभ भाषा कौशल में वृद्धि है। समाचार पत्रों को नियमित रूप से पढ़ने से छात्रों को शब्दावली, परिष्कृत वाक्य संरचनाओं और विभिन्न लेखन शैलियों की एक विस्तृत श्रृंखला से परिचित होने का अवसर मिलेगा। उच्च गुणवत्ता वाली भाषा में यह तल्लीनता पढ़ने की समझ, लेखन क्षमता और समग्र साक्षरता में सुधार के लिए अमूल्य है। इसके अलावा समाचार पत्र पढ़ने का अभ्यास छात्रों के बोलने और सुनने के कौशल को काफी हद तक बढ़ा सकता है। इससे उन्हें अपने विचारों को स्पष्ट रूप से व्यक्त करने में मदद मिलेगी। वे विभिन्न दृष्टिकोणों को सुनने में रुचि दिखाएंगे। यह अभ्यास आलोचनात्मक सोच, संवाद और बहस की संस्कृति को बढ़ावा देगा, जो एक स्वस्थ लोकतांत्रिक समाज के लिए आवश्यक है।

## मुसीबत बनते वातानुकूलन संयंत्र

**विजय गर्ग**

**आज** बेतहाशा बढ़ते तापमान से राहत का आसन तरीका वातानुकूलन यंत्र या एअरकंडीशनर यानी एसी को माना जाता है। एसी का वैश्विक बाजार प्रतिवर्ष बहुत तेजी से बढ़ रहा है। मगर यह सुविधा एक पारिस्थितिक आपदा बनती जा रही है। एसी का बढ़ता उपयोग ऊर्जा, पर्यावरण और स्वास्थ्य तीनों के लिए संकट बनता जा रहा है। 'वर्ल्ड एनर्जी आउटलुक' की एक रपट के अनुसार भारत में अब हर सौ में चौबीस परिवारों के पास एसी हैं। रपट के अनुसार भारत विश्व का सबसे तेजी से बढ़ता एसी बाजार है।

पिछले तेरह वर्ष में 65 फीसद नए एसी छोटे शहरों में लगाए गए हैं। देश में एसी इस्तेमाल करने वाले परिवार 2010 से 2023 के बीच तीन गुना ग हैं। । एसी, फ्रिज और स्पेस कूलिंग की जरूरतें बढ़ने के साथ ही अब पर्यावरण पर उनके प्रभाव को लेकर चिंताएं भी उभर रही हैं। पर्यावरण विशेषज्ञों ने बार-बार बताया है कि जैसे-जैसे अधिक 'कूलिंग' उपकरण लगाए जाते हैं, वातावरण में गर्मी भी उसी हिसाब से बढ़ती जाती है। इस वर्ष भारत का घरेलू बाजार करीब 1.1 करोड़ एसी का हो गया है। अभी चीन का बाजार करीब नौ करोड़ एसी का है। 2045-2050 तक भारत एसी उपयोग में चीन से आगे निकल जाएगा। एसी से बिजली की खपत चार साल में इक्कीस फीसद तक बढ़ चुकी है।

वातानुकूलन यंत्र या एसी के अतिशय इस्तेमाल से पर्यावरण को बड़े खतरे का अंदेशा है। हाइड्रोफ्लोरो कार्बन (एचएफसी) इसमें इस्तेमाल की जाने वाली मुख्य गैस है। यह ओजोन परत को नुकसान पहुंचा रही है। भारत ने एचएफसी को चरणबद्ध तरीके से कम करने के लिए 'मांट्रियल प्रोटोकाल' के तहत किगाली संशोधन पर दस्तखत कर रखे हैं।

मगर, 'कूलिंग' उपकरणों का इस्तेमाल लगातार बढ़ने की वजह से यह लक्ष्य मुश्किल हो गया है। एक रपट के अनुसार, भारत में वातानुकूलन यंत्रों के उपयोग में इतनी तेजी से बढ़ोतरी रही है कि वर्ष 2022 तक भारत में इनकी संख्या` पूरी दुनिया की कुल वातानुकूलन इकाइयों की संख्या का चौथाई हिस्सा हो चुकी है।

## न्यूज फ्लैश

### ट्रांसफर ड्राइव चलवाने को प्रमुख मांग बनाने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। शिक्षक तबादला** संघर्ष समिति, हरियाणा ने प्रदेशभर के तमाम शिक्षक संगठनों को पत्र लिखकर मांग की है कि ट्रांसफर ड्राइव चलवाने की मांग को प्रमुखता से उठाया जाए। संघ के राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण और राज्य महासचिव रामनिवास संगोही ने बताया कि समिति ने हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ (संबंधित सर्वकर्मचारी संघ, हरियाणा), हरियाणा स्कूल लैक्चरर एसोसिएशन (हसला), स्कूल लैक्चरर एसोसिएशन हरियाणा (सलाह), लैक्चरर वेलफेयर एसोसिएशन, हरियाणा (लवा), प्रिंसिपल एसोसिएशन, हरियाणा और हरियाणा राजकीय प्राथमिक संघ को पत्र लिखकर निवेदन किया है कि ट्रांसफर ड्राइव चलवाने के लिए हरसम्भव प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि हर मोर्चे पर ट्रांसफर की मांग प्रमुखता से उठाई जाए, क्योंकि कई हजार शिक्षक ट्रांसफर की बाट जोह रहे हैं, क्योंकि सैकडों शिक्षक एनीवेहर में गए हैं, बहुत सारे अस्थाई स्टेशनों पर बैठे हैं। यहाँ तक कि सैकडों स्कूल शिक्षक रहित हैं और सैकड़ों स्कूल में एकल शिक्षक है। कृष्ण कुमार निर्माण ने सरकार और शिक्षा विभाग से यह भी मांग की कि ट्रांसफर ड्राइव खोला जाए।

### समाजसेवी शशिकांत ने चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं से की मीटिंग

**समालखा: समाजसेवी शशिकांत** कौशिक ने रविवार को जीटी रोड स्थित मेगा मॉल में अपने कार्यकताओं की मीटिंग ली और उनसे चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया। इस दौरान जींद से विधायक कृष्णचंद मिड्ढा भी मौजूद रहे। मीटिंग में नारायणा, किवाना, ढोढपुर, चुलकाना, ढिंडार, नामुण्डा, छदिया, भोड़वाल माजरी, हलदाना, हथवाला, राकसेड़ा, बसाड़ा, गढ़ कारकौली, बुढनपुर, पट्टीकल्याणा आदि गांवों से कार्यक्रत पहुंचे थे। शशिकांत ने कहा कि चुनाव का समय नजदीक है और अगर मेरे हलके कार्यकर्ता चाहेंगे तो वो चुनाव में खड़े होंगे। लेकिन ये चुनाव वो नहीं मेरे कार्यकर्ता और मेरे हलके की जनता लड़ेगी। कौशिक ने कहा कि वो तो वर्षों से जनसेवा करते रहें और आगे भी करते रहेंगे। आमजन को कभी भी कोई काम हो तो वो पीछे नहीं हटेंगे और चौबीस घंटे उनके दरवाजे सभी के लिए खुले हैं। वो उनके सुख-दुख के साथी हैं। इस अवसर पर सहाब सिंह रंगा, सुभाष कुहाड़, जिला परिषद पार्षद सुदंर, अनिल रमन, नरेश कौशिक, अमित ताजपुर, गोल्डी, मुकेश सरपंच पट्टीकल्याणा, सुरेन्द्र शर्मा, रामधन, नूरजहां, रतन सिंह, महेन्द्र कहराणा, एडवोकेट सुरेन्द्र आदि मौजूद रहे।

### छह महीने से जिले के सरकारी अस्पतालों में नहीं होम्योपैथिक व आयुर्वैदिक दवाएं

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर प्रदेश सरकार एक तरफ तो बड़े-बड़े दावे करती है वहीं दूसरी तरफ जिले की पांच होम्योपैथिक डिस्पैंसरी में करीब छह महीने से दवा नहीं है यही हाल आयुष केन्द्रों का है। लोग उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचते हैं और चिकित्सकों द्वारा दवाएं नहीं होने की बात कही जाती है जिसके बाद वो धक्के खाकर लौट जाते हैं। उल्लेखनीय है कि जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा होम्योपैथिक व आयुष डिस्पैंसरी खोली हुई हैं। इनमें पांच होम्योपैथिक डिस्पैंसरी हैं जबकि कुछ आयुष केन्द्र भी हैं। ताकि लोग अपनी सुविधा अनुसार एलोपैथिक के साथ ही होम्योपैथिक और आयुष चिकित्सकों से अपना उपचार करवा सकें।

# कुरुक्षेत्र सेवा केंद्र में सरोज बहन का मनाया अलौकिक जन्मदिवस

## केक काटकर और ईश्वरीय प्रसाद देकर मनाया अलौकिक जन्मोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र :प्रजापिता** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र सेवा केंद्र में राजयोगिनी सरोज दीदी का 36वां स्वर्णिम जन्म दिन प्रातः कालीन मुरली क्लास के बाद धूमधाम से मनाया गया। राजयोगिनी सरोज दीदी ईश्वरीय सेवा में 36 वर्षों से लगातार अपनी सेवाएं दे रही है। उन्होंने भौतिकता वादी संसार के सब सुख सुविधाओं को त्याग कर मर्यादित विश्व कल्याण के जीवन को अपना कर नारी शक्ति का गौरव बढ़ाया। इस दौरान सभी बीके भाई-बहन उन्हें अपनी शुभकामनाएं देने पहुंचे। मंच संचालन करते हुए बी.के शालू बहन ने बताया कि दिव्यता की मूर्ति, करुणा, दया, सहनशीलता, त्याग, तपस्या, संतुष्टता, विनम्रता, कोमलता, सादा जीवन उच्च विचार आदि न जाने कितने गुणों की भंडार ऐसी अलौकिक आत्मा का जन्म लुधियाना की पावन भूमि पर मुंशी राम जी के घर हुआ। लौकिक में बहनों और एक भाई का अंग संग होने पर भी उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन प्रभु को अर्पित कर दिया। बचपन में उनके लौकिक माता-पिता ज्ञान में चलते थे। उन्हीं के संस्कारों से पोषित पल्लवित होकर अपने जीवन को दिव्य बना दिया। उन्होंने बताया कि 1989 में लौकिक परिवार से अलौकिक परिवार में आई। माउंट आबू में ट्रेनिंग लेकर अहमदाबाद, अमृतसर, जम्मू, सहारनपुर में सेवा का सफर तय करते हुए 1993 में कुरुक्षेत्र सेवा केंद्र में पिछले 31 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रही है। शालू बहन ने बताया कि यह हमारा परम सौभाग्य है कि ऐसी महान विभूति का हमें मार्गदर्शन मिला है। उन्होंने जीवात्मा के 5 स्वरूप का अभ्यास करवाया और आत्मिक परिचय दिया। बीके राधा बहन ने कहा कि बहन जी का बहुत सरल चित्त और नम्र स्वभाव है, जो हम सब को प्रेरणा देता हैं। इस अलौकिक अवसर पर राजयोगिनी बीके सरोज बहन और राधा बहन ने केक काटा और सभी बहन भाइयों ने तालियों की गड़गड़ाहट से अपना उल्लास जाहिर किया।इस अवसर पर बी.के शिव कुमार भाई ने अपनी भावनाओं और प्यार को प्रतिबिंबित करने के लिए अपने अनुभव सांझा किए।

## टाबर उत्सव बना अनूठी पहल



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: कला एवं** सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा के हृदय कौशल, कला एवं सांस्कृतिक अधिकारी (मूर्तिकला) के मार्गदर्शन में हरियाणा भर में आयोजित टाबर उत्सव सम्पन हुआ। इसमें अंबाला जिला मे 9 से 12 के विभिन्न सरकारी स्कूलों के लगभग 40 से 50 विद्यार्थियों ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बी. सी. बाजार (अंबाला) में, टाबर उत्सव के तहत किताबी ज्ञान के साथ साथ आधुनिक मूर्तिशिल्प क्ले मॉडलिंग, रिलीफ एवं 3 डी स्कल्पचर आर्ट में मूर्तिकला, पेंटिंग, सोप कार्विंग, स्टोन पेंटिंग, क्लोज पेंटिंग , क्ले, पीओपी (अन्य माध्यम) वेस्ट मैटेरियल के प्रयोग से विभिन्न वस्तुओं को बनाने का हुनर हरियाणवी संस्कृति पर आधारित सिखाया गया। टाबर उत्सव समर कैंप 1 जून से 30 जून तक सुबह 8 बजे से 11 बजे तक ग्रीष्मकालीन अवकाश में आयोजित किया गया था।

## ऋतमोहन को डॉ. कलाम प्रेरणा पुरस्कार से किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत...कमाल हुसैन**

पानीपत के समाज सेवी ऋतमोहन को फिल्म स्टार एवं सांसद हेमा मालिनी ने डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्रेरणा पुरस्कार से सम्मानित किया। यह कार्यक्रम विज्ञान भवन-दिल्ली में आयोजित किया गया जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। ऋतमोहन पिछले लंबे समय से ब्राह्मण सभा, मोहयाल बिरादरी, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर समाज सेवा के कार्य कर रहे हैं। उन्होंने नशा के विरुद्ध, पर्यावरण की शुद्धि, पानी को लेकर जागरूकता जैसे विशेष कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर लोगों को जागृत किया।

## जरूरतमंदों को दिया जा रहा योजनाओं का लाभः सुधा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र : शहरी स्थानीय** निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि भाजपा सरकार अंत्योदय की विचारधारा के अनुरुप जरूरतमंद लोगों को योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाने का काम निरंतरता में कर रही है। इसी कड़ी में आज सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत नए लाभार्थियों, डा. बीआर अंबेडकर योजना व मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र/अधिकार पत्र वितरित करने का काम किया गया है। राज्यमंत्री सुभाष सुधा रविवार को राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुरुक्षेत्र में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे थे और यह अभिव्यक्ति उन्होंने लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कही। यहां पहुंचने पर उपायुक्त शांतनु शर्मा ने मुख्यातिथि को पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने उपस्थित लाभार्थियों को इन योजनाओं का लाभ मिलने पर बधाई देते हुए कहा कि आज हरियाणा प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में आमजन को सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं के माध्यम से नई-नई सौगात देने का काम किया जा रहा है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना, डा. बीआर अंबेडकर योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं है। इन योजनाओं से लाभ मिलने से निसंदेह लाभार्थियों का जीवन स्तर पर ऊंचा उठेगा। उन्होंने कहा कि आज योजनाओं का लाभ सीधा लाभार्थी के खाते में पहुंच रहा है। कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 3133 नए लाभार्थी, जिनकों करीब 94 लाख रुपए की पेंशन सीधा उनके खातों में 1 जुलाई को स्थानांतरित हो जाएगी, इसी प्रकार डा. बीआर अंबेडकर नवीकरण योजना के तहत 36 लाभार्थियों को करीब 28 लाख 80 हजार रुपए की राशि मकान की मुरम्मत के तहत व मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 269 लाभार्थियों को मकान बनाने के लिए करोड़ों रुपए की राशि सीधा उनके खातों में स्थानांतरित हो जाएगी। इन तीनों योजनाओं के लाभार्थियों को मुख्य अतिथि ने स्वीकृति पत्र/अधिकार पत्र सौंपने का काम किया। इस अवसर पर भाजपा के जिला प्रधान रवि बतान, जिला परिषद के वाइस चेयरमैन धर्मपाल चौधरी व अन्य गणमान्य एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मानसून की पहली ही बारिश से समालखा हुआ जलमग्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**



**शनिवार दोपहर बाद** करीब 30 मिनट हुई बरसात ने जहां आम जन को भीष्ण गर्मी से राहत दी वहीं एनएचएआई और नगर पालिका की पोल खोल दी। बारिश होने के बाद शहर की सर्विस लेन व सड़कें जलमग्न हो गई। शहर की कई कालोनियों में लोगों की दुकानों और मकानों में पानी घुस गया। जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। यहां तक कि नेशनल हाईवे पर सर्विस लाइन, ब्लूजे रोड, पुराना थाना रोड, पड़ाव मौहल्ला आदि जगहों पर खड़ा बारिश का पानी मिनी तालाब के रूप में तब्दील हो गया। वही गली मोहल्ले जलमगन हो गए। जिससे हाईवे पर गुजरने वाले वाहनों पर ब्रेक लगे वहीं सर्विस लाइन पर कई बाइक सवार गिरते गिरते बचे। सड़क पर खड़े पानी के चलते दो पहिया वाहन चालकों को अच्छी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि नगरपालिका व एनएचएआई की अनदेखी के चलते हाईवे व सर्विस लाईन किनारे बने नाले व शहर के गली मौहल्ले में नाले व नालियों की सफाई न होने के कारण मानसून की पहली ही बारिश ने दोनों विभागों की लापरवाही उजागर कर दी जो वाहन चालकों व आमजन पर भारी पड़ रही है। एक तरफ नगर पालिका अधिकारियों का दावा है की शहर में नालों की साफ सफाई का काम किया जा रहा है। मगर धरातल पर बरसात के पानी ने नगर पालिका के दावों की पोल खोल दी। दूसरी तरफ एनएचएआई की तरफ से सर्विस रोड के दोनों तरफ नाले बनाए गए थे। मगर पानी निकासी न होने के कारण नाले गंदगी से भरे पड़े है। अगर बरसात से पहले नालों की साफ सफाई होती तो सर्विस रोड पर पानी न खड़ा होता और न हीं आमजन को दिक्कतो का सामना करना पड़ता।

**पानी निकासी को लेकर जल्द डीसी से मिलेंगे शहर वासी**

वार्ड दस से नगर पार्षद मनीष बेनीवाल, शहरवासी व दुकानदार रामनिवास, सतीश, राहुल, आशु, विककी, प्रदीप, महाबीर चौहान, विपुल चौहान, जोगिंदर खुराना आदि ने बताया कि समालखा शहर भगवान भरोसे चल रहा है। शहर में नालों की साफ सफाई, गंदगी और जाम का बुरा हाल है।

शनिवार को हुई बारिश के बाद शहर की गलियों और सर्विस रोड पर पानी खड़ा हो गया। समालखा पुल के नीचे पानी निकासी की कोई व्यवस्था न होने के कारण आमजन को बरसात और गंदे पानी से होकर जाना पड़ता है। उन्होंने कहा अगर पानी निकासी का जल्द समाधान नहीं किया गया तो शहरवासी डीसी से मिलकर समस्या से अवगत करा समाधान करने की मांग करेंगे।

## शहीद-ऐ-आजम भगत सिंह युवाओं के आदर्श एवं प्रेरणा स्त्रोत: राजीव जैन



**सोनीपत। शहीद-ऐ-आजम** भगत सिंह युवाओं के आदर्श एवं प्रेरणा स्त्रोत है, उनके नाम के उद्घोष से ही युवा जोश से लबरेज होकर देश की आन-बान-शान के लिए मर मिटने को तैयार हो जाता है, इसलिए उन्हें एवं उनके साथियों राजगुरु, सुखदेव को शहीद का दर्जा मिलना ही चाहिए। दिल्ली कैम्प में रविवार को नवनिर्मित भगत सिंह चौक का उद्घाटन एवं उनकी मूर्ति का लोकार्पण पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन, मुख्यमंत्री के पूर्व मिडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन, पार्षद बबिता कौशिक ने किया। चौक का निर्माण कार्य महाराणा प्रताप युवा समिति के निवेदन पर मंत्री कोटे से मंजूर राशि द्वारा करवाया गया है। समिति के प्रधान अजीत सिंह एवं महासचिव सुभाष ने चौक का निर्माण करवाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। शिव बारात घर एवं धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में कविता जैन ने कहा कि शहीदों का सम्मान करना हर नागरिक का कर्तव्य है क्योंकि उन्होंने निःस्वार्थ भाव से देश की आजादी के लिए हँसते हँसते फांसी के फंदों को चूम लिया। राजीव जैन ने कहा कि शहीद सम्मान समिति के माध्यम से भगत सिंह को शहीद का दर्जा दिलाने का अभियान लगातार चलाया जाता है और इसके लिए सभी को एक स्वर से मांग उठानी चाहिए।

## कांवड़ियों की सेवा के लिए 27 जुलाई से 2 अगस्त तक लगाएगा शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



**समाज सेवा** संगठन की मीटिंग अग्रवाल मण्डी कार्यालय पर सम्पन्न हुई अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया समाज सेवा संगठन हर वर्ष की तरह गोमुख गंगोत्री हरिद्वार से आने वाले शिव भगत कावडियो के लिए शिव रात्रि के उपलक्ष पर 27 जुलाई से 2 अगस्त तक जी टी रोड की फुटपाट पर कावड़ शिविर आयोजित किया जाएगा शिविर में 24 घंटे चलता रहेगा जिसमे नहाने रहने खाने पीने फल फ्रूट सोने की व्यवस्था व चिकित्सा की व्यवस्था निरंतर निशुल्क चलती रहेगी हर वर्ष की तरह पहले एस डी एम महोदय से परमिशन लेकर चलती रहेगी।

## ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा से करें कार्य : अमित बिंदल

**टीम एक्शन इंडिया**



**सोनीपत। भारतीय** जनता पार्टी हरियाणा प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ ने लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के नामों की घोषणा कर दी है। लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रमुख अमित बिंदल ने प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों के नामों की पहली सूची जारी की। जिसमें यमुनानगर से सुमित गुप्ता को प्रदेश सह संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी है। पहली सूची में 9 जिलों की कार्यकारिणी घोषित की है। जल्द ही दूसरी सूची जारी की जाएगी। लघु उद्योग प्रकोष्ठ हरियाणा के प्रदेश प्रमुख अमित बिंदल ने बताया कि पहली सूची में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों में यमुनानगर से हेमंत कुमार गुप्ता व ललित गुप्ता, नूंह से यादराम गर्ग व राजकुमार, भिवानी से अमन भारद्वाज, दुष्यंत कुमार व सुरेश सैनी, अंबाला से सुमित व वरुण जैन, पंचकूला से सी.बी. गोयल व बलदेव गोयल, फरीदाबाद से अमित कुमार व चैतन्य कुमार, पानीपत से परमानंद, रविंद्र राणा व राजेंद्र, गुरुग्राम से सतीश गुप्ता, नरेश गोयल, देवेंद्र सिंह व अजीत राघव और सोनीपत से सतीश जिंदल व पवन जिंदल को शामिल किया गया है। प्रदेश प्रमुख अमित बिंदल ने कहा कि सभी नव नियुक्त पदाधिकारी कर्मठ व अनुभवी हैं। इनके नेतृत्व में संगठन नई बुलंदियों तक पहुंचेगा। उन्होंने सभी को एकजुट होकर बेहतर तरीके से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कहा कि अगर किसी सदस्य को कार्य के दौरान किसी प्रकार की परेशानी आती है तो उसे संगठन के सदस्यों से साझा करें। जिससे संगठन के कार्य बिना बाधा के संपन्न किये जा सकें। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि सभी सदस्य संगठन को नये आयाम तक ले जाने में पूर्ण ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करेंगे।

## पट्टीकल्याणा में रातभर गूंजते रहे भगवान वाल्मीकि के

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**



**वाल्मीकि समाज** के संत बाबा शिवशाह महाराज जी के जन्मोत्सव पर पट्टीकल्याणा गांव में स्थित प्राचीन वाल्मीकि मंदिर का वार्षिक झंडा उत्सव शनिवार सुबह प्रसाद वितरण के साथ सम्पन्न हुआ। इस दो दिवसीय झंडा रस्म समारोह का आगाज शुक्रवार शाम को हुआ। प्राचीन वाल्मीकि मंदिर पर रात भर सतसंग का आयोजन हुआ जिसमें सतसंग के प्रचारियो व भजन गायकों द्वारा सारी रात भगवान वाल्मीकि का गुणगान किया गया।पूरी रात भगवान वाल्मीकि के जयकारे गूंजते रहे। सतसंग समारोह में पहुंचे इसराना के कांग्रेस विधायक बलबीर वाल्मीकि ने समाज को संबोधित करते हुए कहां कि आज वे जिस भी मुकाम पर हैं समाज के कारण है। उन्होंने बच्चों को शिक्षित करने का आह्वान करते हुए कहा कि समाज को अंधविश्वास से दूर रहकर अपने बच्चों को पढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। इसके बाद विधायक बलबीर वाल्मीकि ने महावटी रोड पर धर्म गुरू ओ की समाधियों पर मत्था टेका। इस मौके पर समालखा विधायक धर्म सिंह छौक्कर के छोटे भाई कंवर सिंह छौक्कर ने भी वाल्मीकि मंदिर पर पहुंच कर आयोजकों को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। पट्टीकल्याणा में आयोजित होने वाले इस विशाल झंडा रस्म समारोह की आयोजन समिति के महासचिव तिलक राज सारसर व सतसंग के महन्त हरिराम ने बताया कि 1927 में शुरू हुई यह झंडा रस्म समारोह प्रत्येक वर्ष अषाढ़ मास के प्रथम शुक्रवार -शनिवार को मनाया जाता है। यहां महावटी रोड स्थित समाज के महान संत बाबा शिवशाह महाराज, बाबा नेकी शाह व बाबा कंवल शाह महाराज की समाधियां बनी हुई है जहां पर दिल्ली हरियाणा सहित देश के कोने कोने से हजारों की संख्या में श्रद्धालु आकर अपने धर्म गुरू ओ की समाधियों पर मत्था टेक कर पूजा अर्चना करते हैं तथा अपने परिवार की खुशहाली की दुवाये मांगते हैं। सतसंग के प्रचारी हरिलाल व सूरत सिंह के अलावा भजन गायकों ने रातभर भगवान वाल्मीकि के भजनों से सतसंग को निहाल किया। दिल्ली से आये डॉ जोगिंदर सूद ने हर साल की तरह श्रद्धालुओं की सेवा के लिए निःशुल्क चिकित्सा कैम्प लगाया। झंड़ा रस्म समारोह में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने से आयोजकों के इंतजाम भी बोलने साबित हुए बावजूद इसके श्रद्धालुओं का उत्साह गजब का देखा गया।

## 60 रक्तदाताओं ने किया श्री जीन्दा कल्याणा हनुमान मंदिर में रक्तदान

रक्तदाता ही असली हीरो है जो रक्तदान कर लोगो का जीवन बचा सकता है कोई फिल्मी हीरो नही यह कहा श्री राम प्लाईवुड से दीपक शर्मा ने ।उन्होंने बताया कि यह हमारा 5वाँ रक्तदान शिविर था । इस बार हमने माँ भारती रक्तवाहिनी के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया । इस टीम का जुनून रक्तदान करवाने के प्रति इस हद तक था कि टीम के सदस्य बेनर पोस्टर लेकर दिल्ली रोड़ के दोनों तरफ आने जाने वाहनों में बैठे यात्रियों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित करने लगे जिस वजह से 60 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया । संस्था संरक्षक पूर्णमल गौड़ ने पहुच कर रक्तदाताओं व संस्था का हौसला बढ़ाया ।शिविर सत श्री जिंदा कल्याणा हनुमान मंदिर दिल्ली रोड सोनीपत में लगाया गया । जहाँ डॉक्टर भानु शर्मा के नेतृत्व में नागरिक अस्पताल सोनीपत व जिला रेडक्रोस के सौजन्य से शिविर का आयोजन हुआ।



# ईपीएफओ के नए सदस्यों की संख्या में आई गिरावट; ऊर्जा गंगा पाइपलाइन अगले साल तक होगी पूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के नए सदस्यों की कुल संख्या बीते वित्त वर्ष 2023-24 में चार प्रतिशत घटकर 1.09 करोड़ रही है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। ईपीएफओ की भारत में पेरोल रिपोर्टिंग: एक रोजगार परिप्रेक्ष्य-जनवरी से अप्रैल, 2024 रिपोर्ट के अनुसार, ईपीएफओ ने 2022-23 में कुल 1,14,98,453 नए सदस्य जोड़े थे। यह संख्या 2023-24 में घटकर 1,09,93,119 रह गई है। महामारी के कारण ईपीएफओ से जुड़ने वाले नए सदस्यों की कुल संख्या में 2020-21 में गिरावट आई थी और यह 85,48,898 रही थी। इससे पिछले वित्त वर्ष यानी 2019-20 में ईपीएफओ से 1,10,40,683 नए सदस्य जुड़े थे। 2021-22 में ईपीएफओ से जुड़ने वाले नए सदस्यों की संख्या 1,08,65,063 रही थी। लगातार दो माह की बिकवाली के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की जून में भारतीय शेयर बाजार में वापसी हुई है। शेयर बाजारों में जोरदार तेजी के बीच जून में एफपीआई ने शुद्ध रूप से 26,565 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने जून में भारतीय शेयर बाजार शुद्ध रूप से 26,565 करोड़ रुपये का निवेश किया है। वॉटरफील्ड एडवाइजर्स के निदेशक (सूचीबद्ध निवेश) विपुल भोवर ने कहा, %आगे चलकर उनका ध्यान धीरे-धीरे बजट और चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के नतीजों की ओर स्थानांतरित होगा।

## गेल की 12,940 करोड़ रुपये की ऊर्जा गंगा पाइपलाइन अगले साल मार्च तक पूरी होगी

देश के पूर्वी हिस्सों में पर्यावरणानुकूल ईंधन पहुंचाने की देश की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजना 'ऊर्जा गंगा' गैस पाइपलाइन परियोजना के निर्माण में नौ महीने की देरी होगी और अब इसका निर्माण मार्च, 2025 तक पूरा होगा। सार्वजनिक क्षेत्र की गेल (इंडिया) लिमिटेड ने यह जानकारी दी है। इस परियोजना की लागत 12,940 करोड़ रुपये की है। गेल ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि 3,306 किलोमीटर लंबी जगदीशपुर-हल्दिया-बोकारो-धामरा पाइपलाइन को मूल रूप से जून, 2024 तक पूरा किया जाना था। लेकिन उपयोग के अधिकार (आरओयू) की उपलब्धता में देरी के कारण इस परियोजना के पूरा होने का समय संशोधित कर जून, 2024 से मार्च, 2025 कर दिया गया है। ज्यादातर पाइपलाइन का निर्माण पहले ही हो चुका है, और मार्ग के अधिकांश शहरों में गैस का प्रवाह शुरू हो गया है। परंपरागत रूप से उपलब्ध प्राकृतिक गैस का इस्तेमाल बिजली पैदा करने, उर्वरक बनाने या सीएनजी और रसोई गैस के रूप में किया जाता है। अक्टूबर, 2016 में उत्तर प्रदेश के जगदीशपुर से पश्चिम बंगाल के हल्दिया, झारखंड के बोकारो और ओडिशा के धामरा तक पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू हुआ था।

## वॉरेन बफे ने एक बार फिर बदली वसीयत, गेट्स फाउंडेशन से पीछे खींचे हाथ; अब इसे मिलेगी संपत्ति

**लंदन।** दुनिया के दिग्गज निवेशक वॉरेन बफे एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। 93 साल के हो चुके बफे ने अपनी वसीयत में बदलाव करके सुर्खियां बंटोर ली हैं। उन्होंने खुलासा किया कि उनके मरने के बाद उनकी संपत्ति का हकदार कौन होगा। उनका कहना है कि उनकी बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन को दान जारी रखने की कोई योजना नहीं है। इसके बजाय वह एक नया चैरिटेबल ट्रस्ट बनाएंगे, जिसे उनके तीन बच्चे चलाएंगे।

**मरने के बाद किसे मिलेगी संपत्ति**

बफे का कहना है कि गेट्स फाउंडेशन को उनके मरने के बाद कोई पैसा नहीं मिलेगा। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि वह कई बार अपनी वसीयत को बदल चुके हैं और इसमें एक बार फिर बदलाव किया गया है। अब उनकी दौलत एक नए ट्रस्ट को मिलेगी, जिसे उनके तीन बच्चे चलाएंगे। बफे के सभी बच्चों की अपनी-अपनी चैरिटेबल संस्था है।

उन्होंने कहा, 'मुझे अपने बच्चों पर गर्व है। साथ ही पूरा भरोसा है कि वे मेरी विरासत को सही ढंग से आगे बढ़ाएंगे।'

## ईडी ने धनशोधन मामले में माकपा की भूमि बैंक में पड़े 73 लाख रुपये जब्त किए

**करुवन्नूर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करुवन्नूर सेवा सहकारी बैंक घोटाले से जुड़ी धन शोधन की जांच के तहत केरल में एक भूखंड और माकपा के 73 लाख रुपये के बैंक जमा को कुर्क किया है। हालांकि, सीपीआई (एम) ने गलत काम और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों से इनकार किया है। सूत्रों ने बताया कि इन संपत्तियों को कुर्क करने के लिए धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अस्थायी आदेश जारी किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि कुर्क की गई संपत्तियों में केरल के त्रिशूर जिले में 10 लाख रुपये मूल्य का एक भूखंड और राजनीतिक दल के पांच अघोषित बैंक खातों में जमा 63 लाख रुपये शामिल हैं। माकपा ने ईडी के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि एजेंसी द्वारा करोड़ों रुपये के कथित करुवन्नूर बैंक घोटाले से जुड़े मामले में एजेंसी को आरोपी बनाए जाने के किसी भी प्रयास के खिलाफ वह कानूनी एवं राजनीतिक लड़ाई लड़ेगी। पार्टी के प्रदेश सचिव एमवी गोविंदन ने आरोप लगाया कि ईडी राजनीतिक कारणों से विभिन्न मामलों में विपक्षी दलों और उनके नेताओं को आरोपी बनाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने केंद्रीय एजेंसी पर झूठे आरोप लगाने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया क्योंकि वह पार्टी के खिलाफ कोई सबूत इकट्ठा करने में विफल रही है।

# ब्रिटेन में नई सरकार के कार्यभार संभालने के बाद एफटीए पर प्रगति संभव : गोयल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उम्मीद जताई कि ब्रिटेन में नई सरकार के कार्यभार संभालने के बाद उसके साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत आगे बढ़ेगी। दरअसल ब्रिटेन में चार जुलाई को आम चुनाव होने हैं।गोयल ने यहां एक आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के बाद प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि ब्रिटेन में चुनाव परिणाम चाहे जो भी हों, हम आशा करते हैं कि नई सरकार आने के बाद दोनों देशों के बीच एफटीए पर प्रगति होगी। इससे पहले वाणिज्य मंत्री ने कहा कि चालु वित्त वर्ष 2024-25 में वस्तुओं, सेवाओं का निर्यात 800 अरब डॉलर से अधिक होने का भरोसा है।

गोयल ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद चालू वित्त वर्ष में भारत का वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात अपने लक्ष्य को हासिल करेगा। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में देश का निर्यात 778.2 अरब डॉलर (वस्तुओं 437.1 अरब डॉलर और सेवाओं 341 अरब डॉलर) रहा था। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि उम्मीद है कि इस वर्ष ऐतिहासिक निर्यात का वर्ष होने वाला है।उल्लेखनीय है कि भारत-ब्रिटेन ने परस्पर आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए जनवरी, 2022 में मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत शुरू की थी। दोनों देशों के बीच इस साल एफटीए को लेकर 14वें दौर की बातचीत बिना किसी प्रगति के समाप्त हुई थी।



# सरकार ने रवि अग्रवाल को सीबीडीटी का नया अध्यक्ष किया नियुक्त

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारी रवि अग्रवाल को आयकर विभाग के प्रशासनिक निकाय केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। वे 1986 बैच के आईआरएस अधिकारी नितिन गुप्ता की जगह लेंगे, जिनका बतौर अध्यक्ष विस्तारित कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है।

मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति की जारी आदेश के मुताबिक रवि अग्रवाल जून, 2025 तक सीबीडीटी के प्रमुख होंगे। वे एक जुलाई, 2024 से अपनी सेवानिवृत्ति की तारीख 30 सितंबर तक सीबीडीटी के अध्यक्ष रहेंगे। अग्रवाल की सेवानिवृत्ति इस साल सितंबर में निर्धारित है, लेकिन उनकी नियुक्ति आदेश में कहा गया है कि वे अगले साल 30 जून तक ''अनुबंध के आधार पर पुनर्नियुक्ति'' पर रहेंगे।




उल्लेखनीय है कि 1988 बैच के आईआरएस अधिकारी रवि अग्रवाल वर्तमान में सीबीडीटी में बतौर सदस्य (प्रशासन) के रूप में कार्यरत हैं। आयकर विभाग का प्रशासनिक निकाय सीबीडीटी में अध्यक्ष के अलावा छह सदस्य हो सकते हैं, जो विशेष सचिव स्तर के होते हैं।

# एसबीआई चेयरमैन दिनेश कुमार खारा की जगह लेंगे चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के अगले चेयरमैन चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी होंगे। वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (एफएसआईबी) ने चेयरमैन पद के लिए बैंक के वरिष्ठ प्रबंध निदेशक (एमडी) शेट्टी के नाम की सिफारिश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली नियुक्ति समिति (एसीसी) से की है। शेट्टी मौजूदा चेयरमैन दिनेश कुमार खारा की जगह लेंगे।

वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो ने जारी बयान में कहा कि समग्र अनुभव और मौजूदा मापदंडों को ध्यान में रखते हुए ब्यूरो एसबीआई के चेयरमैन पद के लिए चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी की सिफारिश की गई है। मौजूदा चेयरमैन दिनेश कुमार खारा 28 अगस्त को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। खारा की आयु 28 अगस्त को 63 वर्ष हो जाएगी, जो स्टेट बैंक के चेयरमैन पद के लिए तय ऊपरी आयु सीमा है। वह वर्तमान में एसबीआई के एमडी हैं, जो अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग, वैश्विक बाजार और प्रौद्योगिकी विभागों की जिम्मेदारी को संभाल रहे हैं।



सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों के निदेशकों की तलाश करने वाली संस्था एफएसआईबी ने स्टेट बैंक के चेयरमैन पद के लिए 29 जून को तीन उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया। एफएसआईबी के अध्यक्ष कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के पूर्व सचिव भानु प्रताप शर्मा हैं। ब्यूरो के सदस्यों में वित्तीय सेवा सचिव, सार्वजनिक उद्यम विभाग के सचिव और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर शामिल हैं। परंपरा के अनुसार चेयरमैन की नियुक्ति एसबीआई के मौजूदा प्रबंध निदेशकों में से ही की जाती है। एफएसआईबी ने तीन उम्मीदवारों का साक्षात्कार लेने के बाद बैंक के वरिष्ठ प्रबंध निदेशक (एमडी) सीएस शेट्टी के नाम की सिफारिश की है। केंद्र सरकार की नियुक्ति समिति (एसीसी) इस संबंध में अंतिम निर्णय लेगी।

# क्वांट म्यूचुअल फंड से निवेशकों ने तीन दिन में निकाले 1,403 करोड़




एजेंसी

**नई दिल्ली।** सेबी की जांच शुरू होने के तीन दिन में क्वांट म्यूचुअल फंड से निवेशकों ने 1,403 करोड़ रुपये की निकासी की है। फंड हाउस से यह निकासी लगातार जारी है। विश्लेषकों का मानना है कि आने वाले समय में फंड हाउस से और ज्यादा निकासी हो सकती है। क्वांट म्यूचुअल फंड के सीईओ संदीप टंडन ने बुधवार देर रात निवेशकों के साथ वीडियो कॉल में कहा, करीब 1.5 फीसदी रकम अब तक निवेशकों ने निकाली है। इसके कर्मचारियों की ओर से फ्रंट-रनिंग कारोबार की जानकारी आई थी। उसके बाद से सेबी फंड हाउस की जांच कर रहा है। ब्यूरो

ग्रो के निवेशकों ने शिकायत की है कि वे इस मंच से अपने पैसे नहीं निकाल पा रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक निवेशक ने आरोप लगाया कि ग्रो के जरिये किया निवेश नहीं निकाल पा रहा है, जबकि एप पर यह निवेश दिख रहा है।

# सीबीआईसी अध्यक्ष ने डब्ल्यूसीओ परिषद की बैठक में एमओयू पर हस्ताक्षर किए

एजेंसी

**ब्रुसेल्स/नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल ने डब्ल्यूसीओ परिषद की बैठक के अवसर पर विश्व सीमा शुल्क संगठन के प्रतिनिधित्व महासचिव इयान सॉन्डर्स के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। सीबीआईसी ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड के अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल ने विश्व सीमा शुल्क संगठन के प्रतिनिधित्व महासचिव इयान सॉन्डर्स के साथ डब्ल्यूसीओ परिषद की बैठक के दौरान एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत पलासमुद्रम स्थित राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी (एनएसीआईएन) पलासमुद्रम को आरटीसी इंडिया के तीसरे डब्ल्यूसीओ मान्यता प्राप्त सीमा शुल्क प्रशिक्षण केंद्र के रूप में मान्यता दी गई है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड के मुताबिक सीबीआईसी अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल और पोलैंड के वित्त मंत्रालय में राष्ट्रीय राजस्व प्रशासन की उप प्रमुख और राज्य अवर सचिव मालगोरजाटा क्रोक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने 29 जून 2024 को ब्रुसेल्स में आयोजित डब्ल्यूसीओ परिषद की बैठक के दौरान मुलाकात की। दोनों ने इस मुलाकात के दौरान सीमा शुल्क सहयोग के क्षेत्र में आपसी हित के क्षेत्रों पर चर्चा भी की।



# मांझी ने खादी कारीगरों को समर्थन देने वाली योजनाओं को व्यापक बनाने पर दिया बल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री जीतन राम मांझी ने खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) को बढ़ावा देने और खादी कारीगरों को समर्थन देने के लिए योजनाओं के कार्यान्वयन पर केंद्रित दृष्टिकोण के माध्यम से प्रयासों को गहन और व्यापक बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी ने यहां केवीआईसी द्वारा देश में खादी एवं ग्रामोद्योग (केवीआई) क्षेत्र के विकास के लिए संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रदर्शन की समीक्षा की। इस अवसर पर एमएसएमई राज्य मंत्री सुश्री शोभा करंदलाजे, केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार के अलावा एमएसएमई मंत्रालय और केवीआईसी के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।उल्लेखनीय है कि खादी और ग्रामोद्योग आयोग देश में खादी और ग्रामोद्योग से संबंधित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्रालय के तहत आने वाली एक शीर्ष संस्था है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में खादी एवं ग्रामोद्योगों की स्थापना और विकास करने के लिए योजना बनाना, प्रचार करना, सुविधाएं और सहायता प्रदान करना है।



# हर्ष मल्होत्रा ने दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे की प्रगति की समीक्षा के लिए साइट का दौरा किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय कॉरपोरेट कार्य; सड़क, परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री श्री हर्ष मल्होत्रा ने 29.06.2024 को सांसद श्री मनोज तिवारी, करावल नगर विधायक श्री मोहन सिंह बिष्ट, गांधी नगर विधायक श्री अनिल वाजपेयी, निगम पार्षद श्री सत्यपाल सिंह, सुश्री नीता बिष्ट, श्री बृजेश सिंह, श्री संदीप कपूर, सुश्री नीमा भगत और दिल्ली नगर निगम के क्षेत्रीय पार्षदों और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे की प्रगति की समीक्षा के लिए साइट का दौरा किया। उन्होंने जलभराव की समस्या और इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर अन्य मुद्दों से संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग 709बी का भी निरीक्षण किया।

साइट का दौरा एनएच-709बी के शमशान घाट (चेनेज किमी 5+100) के पास गीता कॉलोनी से शुरू हुआ और सोनिया विहार (चेनेज किमी 14+350) और सभापुर गांव (चेनेज किमी 15+300) तक जारी रहा। मंत्री ने दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और कहा कि यह एक्सप्रेसवे पूर्वी दिल्ली के गांधी नगर क्षेत्र में भीड़भाड़ कम करने में सहायक होगा और दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे पर भी भार कम करेगा।



उन्होंने एक्सप्रेसवे को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया ताकि इसे तय समय पर आम जनता के लिए खोला जा सके। राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर जलभराव के संबंध में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों ने बताया कि एनएच के साथ एमसीडी/पीडब्ल्यूडी का एक समानांतर मास्टर ड्रेन है, जो कई वर्षों से अवरुद्ध है और उसमें पानी भरा हुआ है। इसके अलावा, राष्ट्रीय राजमार्ग का सतही नाला भी राजमार्ग के हिस्से के सतही पानी की निकासी के लिए समानांतर मास्टर ड्रेन से जुड़ा हुआ है। चूंकि एमसीडी/पीडब्ल्यूडी का समानांतर मास्टर ड्रेन अवरुद्ध है, इसलिए एनएच का सतही पानी मास्टर ड्रेन (जो पहले से ही अवरुद्ध है और सीमित क्षमता के कारण भरा हुआ है) में जाने के बजाय वापस एनएचएआई की सर्विस रोड पर भर जाता है। श्री मल्होत्रा ने एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे इस मुद्दे को एमसीडी/पीडब्ल्यूडी के साथ उठाएं, ताकि वे आवश्यक कार्रवाई कर सकें।

# श्रम सचिव ने बीड़ी, सिनेमा और गैर-कोयला खदान श्रमिकों के लिए श्रम कल्याण योजनाओं (एलडब्ल्यूएस) की उपलब्धियों की समीक्षा की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की सचिव श्रीमती सुमिता डावरा ने बीड़ी/सिनेमा/गैर-कोयला खदान श्रमिकों के लिए श्रम कल्याण योजना (एलडब्ल्यूएस) की उपलब्धियों पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। यह योजना श्रम कल्याण महानिदेशालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत कल्याण आयुक्तों की अध्यक्षता में 18 श्रम कल्याण संगठन (एलडब्ल्यूओ) के माध्यम से कार्यान्वित की गई ।

बैठक में श्रम कल्याण योजना की महत्वपूर्ण उपलब्धियों की समीक्षा की गई, जिसमें बीड़ी/सिनेमा/गैर-कोयला खदान श्रमिकों और उनके परिवारों को दिए गए विभिन्न लाभों को ध्यान में रखा गया। देश भर में 18 एलडब्ल्यूओ क्षेत्रों के अंतर्गत संचालित 10 अस्पतालों और 279 औषधालयों के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएँ प्रदान की गईं, जिनमें गंभीर बीमारियों के लिए प्रतिपूर्ति और निर्वाह भत्ते का प्रावधान है। वित्त वर्ष 2023-24 में 8.50 करोड़ रुपए के व्यय से 1,802,000 बीड़ी/सिने/गैर-कोयला खदान श्रमिकों और उनके आश्रितों को लाभ हुआ। श्रमिकों के बच्चों की प्राथमिक से लेकर व्यावसायिक पाठ्यक्रमों तक के विभिन्न स्तर की शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जिसे ऑनलाइन पोर्टल-राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से कार्यान्वित किया जाता है और डीबीटी-एपीबी पद्धति के माध्यम से लाभ उन तक पहुंचाया जाता है। वित्त वर्ष 2023-24 में 30.68 करोड़ रुपए के कुल व्यय के साथ बीड़ी/सिने/गैर-कोयला खदान श्रमिकों के कुल 96,051 बच्चों को लाभ प्राप्त हुआ श्रीमती डावरा ने श्रम कल्याण योजना के तहत उपलब्धियों की सराहना करते हुए बीड़ी/सिनेमा/गैर-कोयला खदान श्रमिकों के कल्याण को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने अधिकारियों से सामाजिक सुरक्षा का विस्तार करने तथा जीवन और व्यवसाय को आसान बनाने के लिए नई पहलों की खोज करने और उसका प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए साथ मिलकर काम करने का आग्रह किया।

श्रीमती डावरा ने इन श्रमिकों के लिए एक मजबूत और सक्षम सामाजिक सुरक्षा प्रणाली बनाने के लिए राज्य सरकार और संबंधित अधिकारियों के साथ घनिष्ठ समन्वय के महत्व पर प्रकाश डाला। इस संबंध में, केंद्र ने पहले ही सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और एबी-पीएमजेएवाई जैसे बीमा, स्वास्थ्य लाभ, विकलांगता कवरेज की विभिन्न योजनाओं के तहत सामाजिक सुरक्षा कवरेज बढ़ाने का निर्देश दिया है। केंद्र सरकार अनौपचारिक क्षेत्र में काम करने वाले बीड़ी श्रमिकों, गैर-कोयला खदान और सिने श्रमिकों के लिए केंद्रीय और राज्य दोनों योजनाओं के तहत कवरेज का आकलन करने के लिए एक व्यापक डेटा बेस बनाने पर काम कर रही है।

इसका उद्देश्य सभी को ई-श्रम से जोड़ना, विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तक उनकी पहुंच को सुगम बनाना तथा ई-श्रम पर यूएएन तंत्र के माध्यम से श्रमिकों के कवरेज की निगरानी करना है।श्रम सचिव ने बीड़ी, सिनेमा और गैर-कोयला खदान श्रमिकों के लिए श्रम कल्याण योजनाओं (एलडब्ल्यूएस) की उपलब्धियों की समीक्षा की भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की सचिव श्रीमती सुमिता डावरा ने बीड़ी/सिनेमा/गैर-कोयला खदान श्रमिकों के लिए श्रम कल्याण योजना (एलडब्ल्यूएस) की उपलब्धियों पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। यह योजना श्रम कल्याण महानिदेशालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत कल्याण आयुक्तों की अध्यक्षता में 18 श्रम कल्याण संगठन (एलडब्ल्यूओ) के माध्यम से कार्यान्वित की गई ।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से नौ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.89 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह 2,89,699 करोड़ रुपये का उछाल दर्ज हुआ। शेयर बाजार में जोरदार तेजी के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे अधिक लाभ में रही। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,822.83 अंक या 2.36 प्रतिशत चढ़ गया। बीएसई सेंसेक्स जून में 7.14 प्रतिशत चढ़ा है। यह इसकी सबसे अच्छी मासिक वृद्धि है। गुरुवार को सेंसेक्स ने पहली बार 79,000 अंक के स्तर को पार किया। पिछले सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का बाजार मूल्यांकन चढ़ गया। वहीं भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मूल्यांकन में गिरावट आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 1,52,264.63 करोड़ रुपये बढ़कर 21,18,951.20 करोड़ रुपये हो गया। टीसीएस के बाजार मूल्यांकन में 34,733.64 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई और यह 14,12,845.09 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक



की बाजार हैसियत 30,286.99 करोड़ रुपये बढ़कर 8,44,201.88 करोड़ रुपये रही। वहीं भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 18,267.7 करोड़ रुपये बढ़कर 8,22,530.35 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस का बाजार मूल्यांकन 14,656.3 करोड़ रुपये बढ़कर 6,50,602.10 करोड़ रुपये पर और एचडीएफसी बैंक का 13,808.74 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 12,80,865.43 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।भारतीय स्टेट बैंक की बाजार हैसियत 11,111.14 करोड़ रुपये बढ़कर 7,57,565.68 करोड़ रुपये रही।हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में 7,953.37 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ और यह 5,81,570.83 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईटीसी का बाजार पूंजीकरण 6,616.91 करोड़ रुपये बढ़कर 5,30,475.82 करोड़ रुपये हो गया।इस रुख के उलट एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 22,042.61 करोड़ रुपये घटकर 6,25,573.90 करोड़ रुपये पर आ गया।

## खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने एशियाई खेलों में योग को शामिल कराने के लिए आईओए का किया समर्थन



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने एशियाई खेलों में योग को शामिल करने के भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा के प्रस्ताव का समर्थन किया है। मांडविया ने एक बयान में कहा ,'' योग की अप्रतिम लोकप्रियता को देखते हुए इसे प्रतिस्पर्धी खेलों का दर्जा देकर एशियाई खेलों में शामिल किया जाना चाहिये।'' उषा ने एशियाई ओलंपिक परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष रणधीर सिंह को 26 जून को पत्र लिखकर योग को एक खेल के रूप में एशियाई खेलों में शामिल करने का प्रस्ताव रखा है। मांडविया ने कहा ,'' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किये जाने के लिये काफी मेहनत की है। योग को लोकप्रिय बनाने में भारत अग्रणी रहा है और हमने इसे खेलो इंडिया युवा खेलों में प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में शामिल किया।

## जो लोग मुझे एक प्रतिशत भी नहीं जानते, उन्होंने बहुत कुछ कहा, T20 WC जीतकर बोले हार्दिक पांड्या

**ब्रिजटाउन ।** हार्दिक पांड्या गरिमा से जीने में भरोसा करते हैं और आईपीएल में मुंबई इंडियंस के कप्तान के तौर पर उनकी नाकामी के बाद काफी कुछ कहने वाले ऐसे लोगों से भी उन्हें कोई गिला नहीं है जो उन्हें एक प्रतिशत भी नहीं जानते। आईपीएल में रोहित शर्मा की जगह मुंबई इंडियंस के कप्तान बने हार्दिक को उनकी अपनी टीम के प्रशंसकों की हूटिंग झेलनी पड़ी। मुंबई प्लेऑफ में जगह नहीं बना सका और बतौर कप्तान तथा खिलाड़ी उन पर सवाल उठाए गए। विश्व कप में हरफनमौला प्रदर्शन से हालांकि उन्होंने सभी को खामोश कर दिया। उन्होंने खिताब जीतने के बाद कहा, 'मैं गरिमा में विश्वास करता हूं। जो लोग मुझे एक प्रतिशत भी नहीं जानते, उन्होंने इतना कुछ कहा। लोगों ने बोला लेकिन कोई बात नहीं। मेरा हमेशा मानना है कि शब्दों से जवाब नहीं देना चाहिए, हालात जवाब दे देते हैं।' उन्होंने कहा, 'खराब समय हमेशा नहीं रहता। गरिमा बनाए रखना जरूरी है, चाहे आप जीतें या हारें।' हार्दिक ने कहा, 'प्रशंसकों और सभी को यह सीखना होगा (शालीनता से रहना)। हमें बेहतर आचरण रखना चाहिए। मुझे यकीन है कि अब वे ही लोग खुश होंगे।'



## भारतीय सेना ने रियासी में लड़कों और लड़कियों के लिए खो-खो का किया आयोजन

**रियासी।** भारतीय सेना ने चकल साल्टा में लड़कों और लड़कियों के लिए खो-खो का आयोजन किया। भारतीय सेना ने सकारात्मक सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देने की अपनी निरंतर प्रतिबद्धता के तहत लड़कों और लड़कियों के लिए खो-खो का आयोजन किया। चकल साल्टा में 29 जून 2024 को आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय युवाओं ने एक गहन और मैत्रीपूर्ण प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभाशाली व्यक्तियों को अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करने और खेल उत्कृष्टता को आगे बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान करके युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देना था। यह पहल एकता को बढ़ावा दे सकती है, खेल भावना को बढ़ावा दे सकती है, सामुदायिक बंधनों को मजबूत कर सकती है और एक अधिक सुरक्षित और सामंजस्यपूर्ण राज्य में योगदान दे सकती है। इस कार्यक्रम ने इन उत्साही युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया जिससे क्षेत्र में सकारात्मक और समर्पित वातावरण को बढ़ावा देते हुए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा मिला। यह प्रतियोगिता समाज को एक साथ लाने में खेलों के सकारात्मक प्रभाव का प्रमाण है।

## दूसरे दिन भी उत्तर प्रदेश छाया रहा, असम ने भी दिखाया कमाल

**लखनऊ।** 41वीं नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप के दूसरे दिन भी मेजबान उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। उप्र दूसरे दिन तीन गोल्ड, दो सिल्वर व पांच ब्रॉन्ज मेडल के साथ अपनी बढ़त बनाए रखी। वहीं असम ने भी दो गोल्ड, एक सिल्वर व एक ब्रॉन्ज के साथ अच्छा प्रदर्शन किया और दूसरे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के दूसरे दिन मुख्य अतिथि जी. डी. गोयनका पब्लिक स्कूल के चेयरमैन सर्वेश गोल रहे। ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव जिम्मी आर जगतियानी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे है, जबकि आज दूसरे दिन असम, पश्चिम बंगाल, पंजाब के खिलाड़ियों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। दूसरे दिन प्रतियोगिता ग्रैंडमास्टर महेंद्र मोहन जायसवाल की देखरेख में संपन्न हुई।

# भारत बना विश्व चैम्पियन, फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 7 रन से हराया

**एजेंसी**

**बारबाडोस।** वेस्टइंडीज में खेले गए टी20 विश्वकप 2024 के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 7 रन से हरा दिया है। इस जीत के साथ ही भारत टी20 क्रिकेट में दूसरी बार विश्व विजेता बना है। 13 साल के सूखे को समाप्त करते हुए भारतीय टीम चैम्पियन बनी है। इससे पहले वर्ष 2011 में एकदिवसीय क्रिकेट में टीम चैम्पियन बनी थी जबकि वर्ष 2007 में टीम इंडिया ने महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता था।

भारत की ओर से मिले 177 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीकी टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और सलामी बल्लेबाज रेजा हेंड्रिक्स मात्र चार रन बनाकर आउट हो गए। फिर कप्तान एडेन मार्करम भी 4 रन के निजी योग पर पवेलियन लौट गए। हालांकि तीसरे विकेट के लिए क्विंटन डि कॉक और ट्रिस्टन स्टब्स के बीच 58 रन की जबरदस्त साझेदारी हुई, जिसने अफ्रीकी टीम




की मैच में वापसी कराई। तभी स्टब्स 31 रन बनाकर आउट हो गए। टीम को चौथा झटका डि कॉक के रूप में लगा, जिन्होंने 39 रन की पारी खेली। इसके बाद हेनरिक कलासेन ने तेजतर्रार 52 रन बनाकर टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचने में मदद की। आखिर में डेविड मिलर ने 21 रन की जूझारू पारी खेली लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। एक समय दक्षिण अफ्रीका रन चेज में आगे चल रही थी। टीम ने 15 ओवर में 4 विकेट पर 147 रन बना लिए थे, यहां से उनकी जीत पक्की लग रही थी। लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने उनके जबड़े से जीत छीन ली। भारत के लिए हार्दिक पांड्या ने सबसे अधिक तीन विकेट चटकाए। जबकि दो तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह ने दो-दो विकेट अपने नाम किये। वहीं अक्षर पटेल को विकेट मिला। इससे पहले, टॉस जीत कर बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 176 रन बनाए। भारत के लिए विराट कोहली ने सबसे अधिक 76 रन बनाए। उन्होंने बेहतरीन साथ अक्षर पटेल का मिला, जिन्होंने 31 गेंदों में 47 रन की पारी खेली। वहीं शिवम दुबे ने 27 रन का योगदान दिया। दक्षिण अफ्रीका के लिए केशव महाराज और एनरिक नोर्खिया ने दो-दो विकेट चटकाए। जबकि मार्को यानसेन और कगिसो रबाडा को एक-एक सफलता मिली।

## विराट कोहली ने की टी20 क्रिकेट से संन्यास की घोषणा

**एजेंसी**

**बारबाडोस।** टी20 क्रिकेट में टीम इंडिया के दूसरी बार विश्वविजेता बनने की खुशी के साथ ही भारतीय क्रिकेट प्रेमियों के लिए आंखें नम कर देने वाली भी एक खबर है। टी20 विश्वकप 2024 के फाइनल मैच में प्लेयर ऑफ द मैच बनने के साथ ही विरोट कोहली ने टी20 क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। विराट कोहली ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल में 76 रनों की पारी खेलने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीता। मैच के बाद कोहली ने कहा, यह मेरा आखिरी टी20 वर्ल्ड कप था और हम यही हासिल करना चाहते थे। एक दिन आपको लगता है कि आप रन नहीं बना पा रहे, तो कई चीजें घटित होती हैं। ईश्वर महान है, और जिस दिन टीम के लिए महत्वपूर्ण दिन था उस दिन मैंने टीम के लिए काम को पूरा किया। कोहली ने आगे कहा कि अभी नहीं तो कभी नहीं, भारत के लिए यह मेरा आखिरी टी20 मैच था। मैंने इसका भरपूर फायदा उठाना चाहा और सफल भी रहा। कप उठाना चाहता था, स्थिति को मजबूर करने के बजाय उसका सम्मान करना चाहता था। यह एक खुला रहस्य था, अब अगली पीढ़ी के कार्यभार संभालने का समय आ गया है, कुछ अद्भुत खिलाड़ी टीम को आगे ले जाएंगे और ध्वज को ऊंचा लहराएंगे।



## प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय टीम से फोन पर की बात, हार्दिक-सूर्या की तारीफ की, रोहित-विराट को दी बधाई

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2024 में टीम इंडिया की जीत के बाद दुनियाभर से खिलाड़ियों को बधाई संदेश मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी भारतीय टीम की जीत पर बधाई दी थी। अब उन्होंने आज भारतीय क्रिकेट टीम से फोन पर बात की और पूरी टीम को फोन पर बधाई दी। उन्होंने रोहित शर्मा को उनकी शानदार कप्तानी के लिए बधाई दी और उनके टी20 करियर की सराहना की। उन्होंने फाइनल में विराट कोहली की पारी और भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान की भी सराहना की। पीएम मोदी ने हार्दिक पांड्या को उनके अंतिम ओवर और सूर्यकुमार यादव को उनके कैच के लिए सराहा। उन्होंने जसप्रीत बुमराह के योगदान की भी तारीफ की। पीएम ने भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान के लिए राहुल द्रविड़ को भी धन्यवाद दिया। टी20 विश्वकप में दक्षिण अफ्रीका पर शानदार जीत दर्ज करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि टीम इंडिया ने एक के बाद एक शानदार विजय हासिल कर पूरे टूर्नामेंट को रोमांचक बना दिया। से भी याद रखा जाएगा। इतने सारे देश, इतनी सारी टीमें और एक भी मैच हारना नहीं, यह छोटी उपलब्धि नहीं है।





पीएम मोदी ने कहा, 'इंडिया को इस भव्य विजय के लिए सभी देशवासियों की तरफ से बहुत-बहुत बधाई। आज 140 करोड़ देशवासीआपके इस शानदार प्रदर्शन के लिए गर्व का अनुभव कर रहे हैं। खेल के मैदान में आपने वर्ल्डकप जीता लेकिन हिंदुस्तान के हर गली-मोहल्ले में आपने देशवासियों का कोटि-कोटि दिल जीत लिया। यह टूर्नामेंट एक विशेष कारण आपने क्रिकेट जगत के हर महारथी उनके हर बॉल को खेला और आप शानदार विजय प्राप्त करते रहे। एक के बाद एक विजय की इस परंपरा ने आपके हौसले को तो बुलंद कर दिया लेकिन साथ ही इस टूर्नामेंट को भी रोचक बना दिया। मेरी तरफ से मैं आपको बहुत-बहुत बधाई देता हूं और बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं।'श्रेष्ठ शॉट-पुटर रहे।

## भारतीय टीम पर हुई पैसों की बारिश

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत ने टी20 विश्व कप 2024 का खिताब जीत लिया है। बारबाडोस में खेले गए फाइनल में टीम इंडिया ने दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हरा दिया। अब भारतीय टीम पर पैसों की बारिश हुई है। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही आईसीसी ने प्राइज मनी की घोषणा की थी। आईसीसी ने टूर्नामेंट में प्राइज मनी का बजट 93.51 करोड़ रुपये (11.25 मिलियन यूएस डॉलर) रखा था, जो कि एक रिकॉर्ड है। यह पिछले सभी आईसीसी टी20 विश्व कप टूर्नामेंट से ज्यादा है। वहीं, पिछले साल भारत में हुए वनडे विश्व कप में प्राइज मनी का बजट 82.93 करोड़ रुपये (10 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था।

**विजेता टीम को कितनी प्राइज मनी मिली?**

आईसीसी के एलान के मुताबिक विश्व विजेता भारतीय टीम को 20.36 करोड़ रुपये (2.45 मिलियन यूएस डॉलर) मिले हैं। पिछले किसी भी टी20 विश्व कप टीम में विजेता टीम को इतने रुपये नहीं मिले थे। इस साल रिकॉर्ड 20 टीमें इस टूर्नामेंट में खेली थीं। इस वजह से यह अब तक का सबसे बड़ा टी20 विश्व कप रहा। वहीं, फाइनल में हारने वाली टीम यानी उपविजेता दक्षिण अफ्रीका को 10.64 करोड़ रुपये (1.28 मिलियन अमेरिकी डॉलर) से संतोष करना पड़ा। सेमीफाइनल खेलकर बाहर होने वाली टीमों को 6.54 करोड़ रुपये (787,500 यूएस डॉलर) मिले। इनमें अफगानिस्तान और इंग्लैंड की टीमें शामिल हैं।

**सुपर-आठ राउंड से बाहर होने वाली टीमों पर भी पैसों की बारिश**

दूसरे दौर यानी सुपर-8 राउंड को पार करने में नाकाम रहने वाली टीमों को 3.17 करोड़ रुपये (382,500 यूएस डॉलर) मिले। सुपर आठ राउंड से ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, वेस्टइंडीज और अमेरिका की टीम बाहर हो गई थी। वहीं, नौ से 12वें स्थान पर रहने



वाली टीमों को 2.05 करोड़ रुपये (247,500 यूएस डॉलर) मिले। 13 से 20वें स्थान पर रहने वाली हर एक टीम को 1.87 करोड़ रुपये (225,000 यूएस डॉलर) मिले। इसके अलावा हर एक टीम को टूर्नामेंट में एक मैच जीतने पर अतिरिक्त 25.89 लाख रुपये (31,154 यूएस डॉलर) दिए गए। इसमें सेमीफाइनल और फाइनल के मैच शामिल नहीं हैं। यह नियम सुपर-8 राउंड तक लागू है।

## राष्ट्रपति ने दी टीम इंडिया को जीम की बधाई

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ट्वीट करते हुए लिखा, 'आपकी उपलब्धियों का हमेशा जश्न मनाया जाएगा और उन्हें याद रखा जाएगा। भविष्य के लिए आपको शुभकामनाएं, हम आपका ऐसे ही उत्साहवर्धन करते रहेंगे। टीम इंडिया को वर्ल्डकप जीतने पर हार्दिक बधाई। कभी ना हार मानने का जज्बा और कठिन परिस्थितियों का सामना करके आपने पूरे टूर्नामेंट मे शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल मैच में यह असाधारण जीत थी। टीम इंडिया! हमको आप पर गर्व है!'

## रोहित शर्मा ने भी टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**एजेंसी**

**बारबाडोस।** रोहित शर्मा ने विराट कोहली के साथ मिलकर बारबाडोस में दक्षिण अफ्रीका को रोमांचक फाइनल में हराकर विश्व कप जीतने के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने पुष्टि की है कि वह वनडे और टेस्ट खेलना जारी रखेंगे।

रोहित ने फाइनल के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, यह मेरा आखिरी टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी था। इस प्रारूप को अलविदा कहने का इससे बेहतर समय नहीं हो सकता। मैंने इसके हर पल का लुत्फ़ उठाया है। मैंने अपना भारतीय करियर इसी प्रारूप में खेलते हुए शुरू किया था। मैं यही चाहता था, मैं कप जीतना



चाहता था। मैं यह बहुत चाहता था। शब्दों में बयां करना बहुत मुश्किल है। यह मेरे लिए बहुत भावुक पल था। मैं अपने जीवन में इस खिताब के लिए बहुत बेताब था। खुश हूं कि हमने आखिरकार यह मुकाम हासिल कर लिया। रोहित ने इस प्रारूप से सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में संन्यास लिया है। उन्होंने 159 मैचों में 4231 रन रन बनाए हैं, साथ ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे ज़्यादा शतक (पांच) का रिकॉर्ड भी उनके नाम है। उन्होंने दो टी20 विश्व कप खिताब जीते हैं- 2007 में खिलाड़ी के तौर पर पहला खिताब और अब 2024 में कप्तान के तौर पर। रोहित और कोहली का टी20 प्रारूप से संन्यास लेना पूरी तरह से अप्रत्याशित नहीं था।

## प्रज्ञानानंदा ने सुपरबेट क्लासिक टूर्नामेंट के तीसरे दौर में गुकेश से ड्रा खेला



**एजेंसी**


**बुकारेस्ट।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा तीसरे दौर में हमवतन डी गुकेश से ड्रा खेलने के बाद सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट में संयुक्त बढ़त हासिल करने से चूक गये। टूर्नामेंट में तीन दिन में पहली बार 10 खिलाड़ियों के डबल राउंड रोबिन में सभी पांच मैच ड्रा रहे। अभी 350000 डॉलर की पुरस्कार राशि के टूर्नामेंट में छह दौर बाकी हैं। सभी ड्रा से बढ़त हासिल करने वाले खिलाड़ी के स्थान में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुकेश अमेरिका के फैबियानो कारूआना के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर बने हुए हैं। दोनों के दो अंक हैं। कारूआना ने उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तारोव से ड्रा खेला। मैक्सिम वाचियर लाग्रेव ने अलीरेजा फिरौजा से अंक बांटे। इससे वाचियर लाग्रेव, प्रज्ञानानंदा, अलीरेजा, वेस्ले सो, अनीष गिरी और इयान नपोमनियाच्ची 1.5 अंक लेकर संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। गिरी और नेपोमनियाच्ची के बीच बाजी ड्रा रही।

# चक दे इंडियाः पूर्व क्रिकेट सितारों ने टीम इंडिया की तारीफों के पुल बांधे

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** टी-20 विश्वकप में भारतीय टीम की जीत पर पूर्व क्रिकेट सितारों ने रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया की जमकर तारीफ करते हुए शुभकामनाएं दीं।

क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भारतीय टीम को बधाई देते हुए लिखा- क्चक दे इंडिया। टीम इंडिया की जर्सी में मौजूद हर सितारा देश के बच्चों को अपने सपनों की तरफ कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है। भारत को चौथा विश्व कप मिला, टी-20 में दूसरा। वेस्ट इंडीज में भारतीय क्रिकेट का जीवन पूर्ण हो गया है। 2007 वनडे विश्वकप में हमारे खराब प्रदर्शन से लेकर उसी जगह क्रिकेट की ताकत बनने और 2024 में टी-20 विश्वकप जीतने तक, जीवन ने क्या मोड़ लिया है। मेरे दोस्त राहुल द्रविड़ के लिए बहुत



खुश हूं, जो 2011 विश्वकप जीतने से चूक गए, लेकिन इस टी-20 विश्वकप जीत में उनका योगदान बहुत बड़ा रहा है। मैं उनके लिए बहुत खुश हूं। रोहित के बारे में कोई क्या कह सकता है। शानदार कप्तानी!'

टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने लिखा- 'रोहित शर्मा और टीम को बधाई। क्या शानदार जीत। बुमराह का शानदार प्रदर्शन। विराट, अक्षर, हार्दिक सभी ने अच्छा खेला। राहुल द्रविड़ और सहयोगी स्टाफ को बधाई।' धोनी ने इंस्टाग्राम पर लिखा- 'विश्व कप चैंपियन 2024। मेरी दिल की धड़कनें तेज हो गई थीं। शांतचित्त होकर, आत्मविश्वास बनाए रख कर भारत ने शानदार प्रदर्शन किया।' पूर्व कप्तान और पूर्व कोच अनिल कुंबले ने लिखा- 'बधाई टीम इंडिया। शानदार जीत। पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने लिखा, 'ये मेरा इंडिया। हम चैंपियन हैं। टीम पर गर्व है।'

राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ने लिखा- 'टीम इंडिया को टी-20 विश्व चैंपियन बनने पर बधाई। टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ और अपराजेय टीम। हर खिलाड़ी बधाई का पात्र है।' टीम इंडिया के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी युवराज सिंह ने लिखा, 'आखिर तुमने कर दिखाया। हार्दिक पंड्या तुम हीरो हो। जसप्रीत बुमराह एक ओवर में भारत को मैच में लौटाया। रोहित शर्मा के लिए बहुत खुश हूं। दबाव में शानदार कप्तानी। कोहली, द्रविड़ और पूरी टीम को बधाई। सूर्या ने क्या कैच लपका।'

पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने लिखा, 'ये मेरा इंडिया। हम चैंपियन हैं। टीम पर गर्व है।'

## टीम को विश्व विजेता बनाने के साथ द्रविड़ ने कोच के रूप में खत्म किया अपना शानदार सफर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** साल 2007 के वनडे विश्वकप में वेस्ट इंडीज की धरती पर सितारों से सजी टीम इंडिया पहले ही राउंड में बाहर हुई तो कप्तान राहुल द्रविड़ की आंखों से आंसू निकल आए थे, शनिवार रात जब उसी सरजमीं पर टीम इंडिया टी-20 विश्वकप विजेता बनी तो कोच राहुल द्रविड़ भावनाओं पर काबू नहीं रख पाए। कोहली ने जब द्रविड़ के हाथों में ट्रॉफी थमाई तो उन्हें पहली बार सार्वजनिक तौर पर खुशी से शोर मचाते देखा गया। इसी शानदार मोड़ पर रोहित शर्मा-विराट कोहली का टी-20 सफर खत्म हुआ और द्रविड़ का टीम इंडिया के मुख्य कोच का कार्यकाल।राहुल द्रविड़ को नवंबर 2021 में आधिकारिक तौर पर भारत का पूर्णकालिक मुख्य कोच जब बनाया गया तो इसकी यह कहते हुए कड़ी आलोचना हुई कि टेस्ट क्रिकेट के धुरंधर रहे द्रविड़ को तीनों फॉर्मेट



का कोच बनाना कहां तक उचित है। कोहली, रोहित जैसे सितारों से भरी टीम इंडिया को द्रविड़ कुशलता से हैंडल कर पाएंगे, इसपर भी गहरा संदेह था। बैकग्राउंड में कोच के रूप में रवि शास्त्री के बेहतर रिकॉर्ड द्रविड़ के लिए अलग चुनौती थे। द्रविड़ का कार्यकाल नवंबर 2023 में वनडे विश्वकप के बाद ही खत्म हो गया था लेकिन टीम प्रबंधन ने टी20 विश्वकप तक उन्हें टीम के साथ बने रहने के लिए मना लिया। पिछले तीन वर्षों में अलग-अलग आईसीसी टूर्नामेंट में उन्होंने तीन बार भारत को फाइनल में पहुंचाया और इनमें से एक में शनिवार रात टीम इंडिया चैंपियन भी बनी। द्विपक्षीय सीरीज में द्रविड़ का कार्यकाल शानदार रहा। उनके कार्यकाल के दौरान 17 द्विपक्षीय सीरीज में से भारतीय टीम ने 14 जीती है। द्रविड़ की कोचिंग में भारत का पहला आईसीसी टूर्नामेंट 2022 टी-20 विश्वकप था और सेमी फाइनल में पहुंची टीम इंडिया इंग्लैंड से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हुई थी। इसके बाद भारत के सामने 2023 टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल था जहां ऑस्ट्रेलिया ने टीम इंडिया को शिकस्त दी। 2023 वनडे विश्व कप में भारत भले ही फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गया हो, लेकिन 11 में से 10 मैच जीत कर भारत टूर्नामेंट की सबसे बेहतरीन टीम रही थी। अब टी-20 विश्व कप में शानदार जीत के साथ द्रविड़ ने कोच के रूप में अपना शानदार सफर बेहद शालीनता के साथ खत्म किया।

# भारत के जीतते ही पाक में शैम्पेन व डांस के साथ मना जश्न, पाकिस्तानी बोले-'आई लव यू इंडिया'

**एजेंसी**

**इस्लमाबाः।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 फाइनल में टीम इंडिया के जीतने पर पाकिस्तान में भी जश्न का माहौल है। पाकिस्तान के कुछ लोग जहां भारत के नाम से चिढ़ते हैं, वहीं कुछ पाकिस्तानियों ने >आई लव यू इंडिया' का नारा लगाया है। पाकिस्तान के युवाओं ने कहा कि 'भारत ने जहा सेमीफाइनल में गोरों को नानी याद दिला दी और 2014 व 2022 का बदला ले लिया वहीं फाइनल में साउथ अफ्रीका को हराकर इतिहास रच दिया है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यह वीडियो आते ही वायरल हो गया है, भारत के लोग भी इस वीडियो की जमकर तारीफ कर रहे हैं। दरअसल, भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में इंग्लैड को हराकर फाइनल में पहुंचा। इस जीत के बाद पाकिस्तान से जश्न मनाने का वीडियो सामने आया जिसमें पाकिस्तान की प्रसिद्ध यूट्यूबर शैला खान भी नजर आ रही है। वीडियो में देखा जा सकता है कि शैम्पेन बोतलों के साथ पाकिस्तानी जश्न मना रहे हैं। पाकिस्तान के युवाओं ने वीडियो में नारा लगाते सुनाई दे रहे हैं कि 'हमारा कप्तान कैसा हो रोहित शर्मा जैसा हो।' इस दौरान पाकिस्तानियों ने जसप्रीत बुमराह की भी जमकर तारीफ की है। पाकिस्तानियों ने कहा कि भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका को हराकर इतिहास रच दिया। मैच काफी रोमांचक था, एक बार तो यही लग रहा था कि इंडिया इस मैच को हार जाएगा, लेकिन भारतीय टीम हारा हुआ मैच जीत गई। इसकी दुनियाभर में चर्चा भी हो रही




है। भारत की जीत के बाद पाकिस्तान के लोगों के भी रिएक्शन के वीडियो वायरल हो रहे है, जिसमें कुछ लोग पाकिस्तानी की टीम पर गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। रियल एंटरटेनमेंट नाम के यूट्यूबर ने पूछा तो एक युवक तो यह तक कह गया कि पाकिस्तान की टीम को भी इंडिया की तरह बनना चाहिए। कुछ लोगों ने इंडिया को दुश्मन बताकर बधाई देने से इनकार कर दिया, वहीं कुछ पाकिस्तानी भारत के समर्थन में दिखे और कहा, जो एफर्ट करेगा, वो जीतेगा ही। इसमें हिंदुस्तान पाकिस्तान कुछ नहीं होना चाहिए, यह तो क्रिकेट है, लेकिन पाकिस्तानियों की दिली इच्छा साउथ अफ्रीका को जिताने की थी। एक युवक ने कहा कि दुश्मनी एक जगह पर, इंडिया ने अच्छा किया तो वह जीता। इंडिया ने जैसा खेला है, वैसा अगर पाकिस्तान भी करेगा तो खुदा की कसम पाकिस्तान के लिए हमारी जानें भी कुर्बान होंगी। उनकी बात काटते हुए अब्दुल नाम के युवक ने कहा, बुमराह ने अच्छी बॉलिंग कर मैच अपने नाम कर लिया। इंडिया ने एफर्ट किया तो वह जीत गया।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ देहरादून ▸ 01 जुलाई 2024 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## सरकार ने सरपंचों की अधिकतर मांगें मान ली हैं: कंवरपाल

टीम एक्शन इंडिया
यमुनानगर: हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल ने हाइडल कॉलोनी भुड़कलां के विश्राम गृह में खंड प्रताप नगर के सभी सरपंचों के साथ रविवार को शिष्टाचार बैठक की। खंड प्रतापनगर की सरपंच एसोसिएशन के प्रधान विजय कुमार मिंटू व सरपंचों ने पुष्प गुच्छ देकर मंत्री कंवरपाल का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान कृषि मंत्री कंवर पाल ने गांव के विकास कार्यों के बारे में सरपंचों से विस्तार से जानकारी ली और कहा कि किसी भी गांव के विकास में कोई भी कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। किसी भी गांव का सरपंच किसी भी समय गांव के विकास कार्यों के बाबत उनसे मिल सकता है उनके घर के दरवाजे सदा उनके लिए खुले है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा सरपंचों की अधिकतम मांगे मान ली गई है और सरकार उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। इस अवसर पर खंड प्रताप नगर एसोसिएशन के प्रधान विजय कुमार मिंटू ने बैठक में पहुंचने पर खंड प्रताप नगर के सभी सरपंचों का दिल से धन्यवाद किया।

## नाबालिग की दुष्कर्म के बाद हत्या: पीड़ित परिवार से मिले त्रिवेंद्र

टीम एक्शन इंडिया
हरिद्वार: नाबालिग किशोरी की दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने पीड़ित परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया। उन्होंने पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता का पहला चेक सौंपा।

## लेफ्टिनेंट जनरल धीरज अब पुणे स्थित दक्षिणी कमान का कार्यभार संभालेंगे

टीम एक्शन इंडिया
जयपुर: लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ 30 जून, रविवार को जयपुर स्थित सप्त शक्ति कमांड की कमान का कार्यकाल पूरा करने के बाद पुणे स्थित दक्षिणी कमान का कार्यभार संभालेंगे। इस अवसर पर जनरल ऑफिसर ने जयपुर मिलिट्री स्टेशन के प्रेरणा स्थल पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने 01 नवंबर 2023 को सप्त शक्ति कमांड की बागडोर संभाली थी।

# आज से देश में लागू होंगे तीन नए कानून: सीएम मोहन

### आम जन तक पहुँचाएं नए स्वरूप में लागू किए गए कानून की जानकारियाँ: मुख्यमंत्री

बैठक

▸▸ संविधान में प्रदत्त अधिकारों की रक्षा हो सके, इस चिंतन से तीन विधेयक निरस्त कर नए दंडनीय विधेयक लाए गए



टीम एक्शन इंडिया
भोपाल: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल से देश में गुलामी की निशानियों को समाप्त करने के लिए विभिन्न कार्य हो रहे हैं। इस क्रम में एक जुलाई से देश में अनेक कानून नये स्वरूप में लागू होंगे। दंड के स्थान पर न्याय का महत्व बढ़ें एवं भारतीय नागरिकों को संविधान में प्रदत्त अधिकारों की रक्षा हो सके, इस चिंतन से तीन विधेयक निरस्त कर नए दंडनीय विधेयक लाए गए हैं। आम जन तक इनकी जानकारी पहुँचाने के सभी प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को वीडियों कान्फ्रेंसिंग से प्रदेश के सभी कलेक्टर्स, कमिश्नर्स, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अंग्रेजों के समय से चले आ रहे ऐसे विधेयक एवं अधिनि?म में भारतीय दंड संहिता 1860, दंड प्रक्रिया संहिता (1898), 1973 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 शामिल हैं। भारतीय दंड संहिता 1860 को भारतीय न्याय संहिता विधेयक 2023 द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा। दंड प्रक्रिया संहिता 1898 को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक 2023 द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा।

इसी तरह भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 को भारतीय साक्ष्य विधेयक 2023 द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आमजन को विभिन्न सेमीनार और वेबीनार के माध्यम से भी इन कानूनों की जानकारी प्रदान की जाए। अभियान संचालित कर नये कानूनों की जानकारियों को प्रचारित किया जाए।

वीडियो कांफ्रेंस में पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना ने बताया कि प्रदेश के सभी 982 थानों में नए कानूनों की जानकारी देने के लिए विशेष कार्यक्रम भी एक जुलाई को हो रहे हैं। पुलिस कर्मियों को इनका विस्तृत विवरण प्रदान किया गया है। पूर्व में नए कानूनों से संबंधित प्रदर्शनियां भी लगाई गई हैं।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में बदलते दौर हो रही है प्रगति : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

टीम एक्शन इंडिया
भोपाल: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को बाग मुगलिया स्थित विवेकानंद सामुदायिक भवन परिसर में "मन की बात" कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को सुना। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यह बदलते दौर का भारत है। अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रविवार को मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने जहां बंगलौर में देव भाषा संस्कृत बोलने वालों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी वहीं पूरी दुनिया में योग दिवस पर हुए कार्यक्रमों का विवरण भी दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कुवैत में आकाशवाणी केंद्र से प्रसारण की उपलब्धियों के बारे में बताया। उन्होंने इस कार्यक्रम से आंध्रप्रदेश में कॉफी उत्पादन की जानकारी भी प्रदान की।

डॉ. यादव ने विवेकानंद सामुदायिक भवन परिसर में पौधा भी लगाया। मुख्यमंत्री ने आम का पौधा रोपा। उनके साथ पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, सुमित पचौरी और अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने अन्य विषयों पर चर्चा के साथ ही विभिन्न देशों में योग दिवस पर हुए कार्यक्रमों का ब्यौरा भी दिया।



रानी दुर्गावती बलिदान दिवस समारोह में पहुँचे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का स्थानीय हैलीपैड पहुँचने पर आत्मीय स्वागत किया गया।

## लाखों का स्टाप डेम पहली बारिश के पानी में ही बह गया

टीम एक्शन इंडिया
कांकेर: जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र कोयलीबेडा ब्लाक के ग्राम जवेली में बांदे वन परिक्षेत्र द्वारा एक वर्ष पहले नरवा योजना के तहत लाखों रुपये की लागत से घटिया स्टाप डेम का निर्माण कराया गया था। जिसके चलते पहली बारिश के पानी में ही स्टाप डेम बह जाने से आस-पास के किसान जो स्टाप डेम पर सिंचाई के लिए निर्भर थे, उन्हें काफी ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने डेम के उखड़ने का शिकायत भी अधिकारियों से किया है। ग्राम जवेली के किसान केसु वद्दे ने बताया कि गुणवत्ताहीन स्टाप डेम बनाया गया था, निर्माण में ठेकेदार ने गांव के जंगल के बड़े-बड़े पत्थरों का इस्तेमाल किया था, साथ ही डेम निर्माण के समय सरिया का उपयोग नहीं किया गया डेम का बेस बिना सरिया के ही तैयार किया गया है।

## सीएम धामी ने सुनी जनसमस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश



टीम एक्शन इंडिया
देहरादून: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिस समस्या का समाधान थाना, तहसील एवं जिला स्तर पर हो सकता है, वे समस्याएं अनावश्यक रूप से शासन स्तर पर न आएं। इस प्रकार की शिकायतें आने पर उन्होंने सबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने के भी निर्देश दिये हैं। रविवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में मुख्यमंत्री धामी ने जन समस्याएं सुनी। उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जन समस्याओं के जल्द निराकरण के लिए समस्या या शिकायत जिस विभाग से सबंधित है, शीघ्र सबंधित विभाग को भेजकर उस पर की गई कार्यवाही की भी जानकारी ली जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष लोगों ने स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, आर्थिक सहायता, विद्युत, जमीन से संबंधित मामलों एवं अन्य समस्याएं रखीं।

## गुलामी के प्रतीक पुराने कानूनों में परिवर्तन का कार्य ऐतिहासिक : सीएम

परिवर्तन

▸▸ अच्छे और सकारात्मक भाव के साथ किए गए इन परिवर्तनों के लिए केंद्र सरकार बधाई की पात्र है

टीम एक्शन इंडिया
भोपाल: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गुलामी के प्रतीकों को समाप्त करने के क्रम में कुछ कानूनों में अमूलचूल परिवर्तनों का कार्य हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर देश में लागू पुलिस और न्याय व्यवस्था से जुड़े कई बदलाव किए जा रहे हैं। यह समाज के लिए सुव्यवस्थाएं स्थापित करने का प्रयास है। अच्छे और सकारात्मक भाव के साथ किए गए इन परिवर्तनों के लिए केंद्र सरकार बधाई की पात्र है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को द पोलिमेथ सोसाइटी द्वारा नवीन न्याय संहिता पर आयोजित वेबीनार को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि काल के प्रवाह में अनेक विषय परिवर्तित स्वरूप में सामने आते हैं।

## बीकानेर को मिले तारबंदी के 17 लाख मीटर लम्बाई के लक्ष्य

अनुदान

▸▸ इन लक्ष्यों का कृषि पर्यवेक्षक मुख्यालय वार आवंटन कर जिले के किसानों को योजना से लाभान्वित किया जाएगा



टीम एक्शन इंडिया
बीकानेर: फसलों की सुरक्षा के मद्देनजर राज्य सरकार द्वारा कृषि विभाग के माध्यम से राजस्थान एग्री इन्फ्रा मिशन के तहत खेतों की कांटेदार या चैनलिंक तारबंदी करवाने पर अनुदान दिया जा रहा है। संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) कैलाश चौधरी ने बताया कि वर्ष 2024-25 के लिए जिले को कांटेदार/चैनलिंक तारबंदी योजना के लिए कुल 17 लाख मीटर लम्बाई के भौतिक लक्ष्य आवंटित किए गए हैं। इन लक्ष्यों का कृषि पर्यवेक्षक मुख्यालय वार आवंटन कर जिले के किसानों को योजना से लाभान्वित किया जाएगा। सहायक निदेशक भैराराम गोदारा ने बताया योजना में किसानों की सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने के लिए समूह में यदि न्यूनतम 10 किसान मिलकर 5 हेक्टेयर (20 बीघा पक्की) भूमि में तारबंदी करवाते हैं, तो सभी किसानों को सत्तर प्रतिशत अनुदान राशि के हिसाब से प्रति कृषक अधिकतम 400 मीटर लंबाई पर 56 हजार की अनुदान राशि मिलेगी। व्यक्तिगत/समूह में एक ही जगह पेरिफेरी में न्यूनतम 1.5 हैक्टेयर (6 बीघा पक्की) भूमि पर तारबंदी करवाने पर लघु-सीमांत किसानों को 400 मीटर लंबाई पर अधिकतम 48 हजार रुपये एवं सामान्य किसानों को 40 हजार रुपये अनुदान दिया जाएगा। कृषि अधिकारी मुकेश गहलोत ने बताया कि इच्छुक एवं पात्र किसान को तारबंदी पर अनुदान के लिए प्रस्तावित भूमि की पेरीफेरी का नवीनतम प्रमाणित संयुक्त नक्शा, ट्रेस व जमाबंदी एवं जनाआधार कार्ड, लघु-सीमान्त प्रमाण पत्र लेकर नजदीकी ई-मित्र केंद्र या स्वयं के द्वारा राज किसान साथी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

## किशनपुर रेंज घूमते दिखे बाघिन के दो शावक

टीम एक्शन इंडिया
लखीमपुर: दुधवा टाइगर रिजर्व भले ही पर्यटन के लिहाज से बंद हो गया हो, परंतु इसके बाद यहां वन्य जीव प्रेमियों के लिए लगातार नए दृश्य सामने आ रहे हैं। इसी कड़ी में किशनपुर रेंज में एक बार फिर से बाघिन के दो शावक एक साथ देखे गए हैं, जिनका वीडियो वायरल हो रहा है। दुधवा का पर्यटन सत्र 25 जून को बंद हो गया है। इस वर्ष इसे और 10 दिन बढ़ाया गया था, क्योंकि हर वर्ष यह 15 जून को ही बंद कर दिया जाता है।

## उप्र के नए मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कार्यभार ग्रहण किया



मॉडल

▸▸ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 'बीसी सखी' योजना आज पूरे देश में मॉडल के रूप में स्वीकारी जा रही है

टीम एक्शन इंडिया
लखनऊ: वरिष्ठ आईएएस मनोज कुमार सिंह उत्तर प्रदेश के नये मुख्य सचिव बनाये गये हैं। सन 1988 बैच के आईएएस मनोज कुमार सिंह ने शनिवार की शाम को मुख्य सचिव का पदभार संभाल लिया है। आईएएस अधिकारी मनोज कुमार सिंह की पहचान 'परफॉर्मर' की रही है। सीनियर मोस्ट अधिकारी के रूप में सुदीर्घ अनुभव, दक्षता, कर्तव्यपरायणता, डिलीवरी देने की क्षमता, कॉम्पिटेंसी के साथ मनोज कुमार सिंह ब्यूरोक्रेसी में एक प्रतिष्ठित नाम है। और यही कारण है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने अब तक के कार्यकाल में मनोज कुमार सिंह पर लगातार भरोसा जताया है। इनके बारे में कहा जाता है कि डिलीवरी ऑन टाइम के योगी मंत्र को मनोज कुमार सिंह ने आत्मसात कर लिया है। वर्तमान में प्रदेश के कृषि उत्पादन आयुक्त और अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त जैसे नीतिगत विषयों से जुड़े दो अति महत्वपूर्ण पदों का दायित्व निर्वहन कर रहे मनोज कुमार सिंह अपर मुख्य सचिव पंचायती राज, खाद्य प्रसंस्करण, यूपीडा और उपशा के चेयरमैन तथा पिकप अध्यक्ष जैसे प्रदेश के विकास को गति देने वाले अति वरिष्ठ पदों की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं। कोविड काल में पहले टीम 11 और फिर टीम 9 में शामिल मनोज कुमार सिंह ने गाँवों में कोविड प्रसार को नियंत्रित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 'बैंकिंग एट योर डोर' की परिकल्पना को साकार करने वाली मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 'बीसी सखी' योजना आज पूरे देश में मॉडल के रूप में स्वीकारी जा रही है। इसकी रूपरेखा तैयार करने से लेकर क्रियान्वयन तक उनका बड़ा योगदान है।

## सरपंच हत्याकांड: राकांपा के 5 कार्यकर्ताओं पर मामला दर्ज

टीम एक्शन इंडिया
मुंबई: बीड जिले के परली शहर के मरालवाड़ी इलाके में शनिवार रात अज्ञात लोगों ने राकांपा (अजीत पवार) समूह के लोगों पर फायरिंग कर दी। इस गोलीबारी में परली तहसील के मरालवाड़ी के सरपंच बापू आंधले की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ज्ञानबा गीते घायल हो गए है। रविवार को पुलिस ने राकांपा (शरद पवार) गुट के 5 कार्यकर्ताओं पर मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार मरालवाड़ी के सरपंच बापू आंधले राकांपा अजीत पवार गुट से जुड़े थे।

## पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और संवर्द्धन में सभी योगदान दें: सीएम धामी



आह्वान

▸▸ धामी ने बौद्ध, मठ क्लेमनटाउन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 111वें संस्करण को सुना

टीम एक्शन इंडिया
देहरादून: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि इस मानसून सीजन में अधिक से अधिक पौधरोपण कर पर्यावरण के संरक्षण और संवर्द्धन में अपना योगदान अवश्य दें। मुख्यमंत्री धामी ने रविवार को बौद्ध, मठ क्लेमनटाउन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 111वें संस्करण को सुना। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने मन की बात में पौधरोपण को बढ़ावा देने की बात कही है। विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की गई। पौधरोपण के साथ की जल संचय की दिशा में भी योगदान देने के लिए उन्होंने प्रदेश की जनता से आह्वान किया है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में तिब्बती समुदाय के लोगों से भी अनुरोध किया कि पौधरोपण और जल संचय के अभियान में वे भी सक्रिय भागीदार बनकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें।

## सूरत में 6 इंच बारिश से चारों ओर जल-भराव

टीम एक्शन इंडिया
सूरत: सूरत में शनिवार आधी रात से रविवार दोपहर तक मॉनसून की जोरदार बारिश हुई। करीब 6 इंच बारिश से निचले क्षेत्रों में पानी भर गया तो कई जगहों पर पेड़ धराशायी हो गए। वराछा के फूल मार्केट के समीप विशालकाय पेड़ रिक्शा पर गिरने से रिक्शा चालक की मौत हो गई। खटोदरा में सूरत महानगर पालिका के कम्यूनिटी हॉल की पीओपी गिरने से 5 लोग घायल हो गए। दक्षिण गुजरात के सूरत में मॉनसून की जोरदार बारिश हुई। शनिवार आधी रात के बाद शुरू हुई



बारिश के कारण सूरत के कई क्षेत्रों में प्रशासन को बोट चलानी पड़ी। घुटने तक पानी के बीच लोगों को घरों से निकलना पड़ा। पार्किंग में रखी गाड़ियां आधी डूब गईं। सूरत के पाल क्षेत्र में सड़क धंसने की खबर है। रिंग रोड समेत कई सड़के डूब गई। वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई।

**गौरव का पल** नए थलसेना अध्यक्ष उपेंद्र द्विवेदी का मध्य प्रदेश से गहरा नाता है। वे मध्य प्रदेश के रीवा जिले में जन्मे हैं और यहां के सैनिक स्कूल से ही उन्होंने साल 1973 से 1981 तक पढ़ाई की

## नए थलसेना अध्यक्ष का मध्य प्रदेश से है गहरा नाता, रीवा में जन्म और सैनिक स्कूल में पढ़ाई

टीम एक्शन इंडिया
भोपाल: लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार की भारतीय थल सेना के अध्यक्ष की कमान संभाल ली है। उन्होंने जनरल मनोज पांडेय की जगह ली। इसके पहले वे 46वें उपसेना प्रमुख के रूप में सेवा दे रहे थे। नए थलसेना अध्यक्ष उपेंद्र द्विवेदी का मध्य प्रदेश से गहरा नाता है। वे मध्य प्रदेश के रीवा जिले में जन्मे हैं और यहां के सैनिक स्कूल से ही उन्होंने साल 1973 से 1981 तक पढ़ाई की है। जुलाई 1964 में जन्मे नए थलसेना अध्यक्ष उपेन्द्र द्विवेदी तीन भाइयों में सबसे छोटे हैं। उनके बड़े भाई डॉ. पीसी द्विवेदी नेत्र रोग विशेषज्ञ हैं और रीवा मेडिकल कॉलेज से 2019 में अधिष्ठाता के पद से रिटायर हुए हैं, जबकि दूसरे नंबर के भाई प्रेम शंकर द्विवेदी सिंचाई विभाग में प्रदेश में सर्वोच्च पद से रिटायर हुए। उनकी एक बहन है, जिनका नाम पुष्पा पांडेय हैं। वे जबलपुर में गायनेकोलॉजिस्ट हैं। बड़े भाई डॉ. पीसी द्विवेदी ने बताया कि पिता श्रीकृष्ण द्विवेदी ने तय कर लिया था कि उपेन्द्र को सेना में भेजना है। वह पांचवीं तक अंबिकापुर, छत्तीसगढ़ में पढ़ा। उस



वक्त पिताजी अंबिकापुर में माइनिंग ऑफिसर थे। पिता चाहते थे कि तीन बेटों में एक सेना में जाकर देश की सेवा करे। इसीलिए उनका सैनिक स्कूल में दाखिला करा दिया। उपेन्द्र शुरू से ही प्रतिभाशाली, संयमित और अनुशासित थे।

उन्होंने सैनिक स्कूल में पढ़ाई के दौरान नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) का फॉर्म भर दिया। इसकी जानकारी उन्होंने घर पर नहीं दी। यहां तक कि परीक्षा देने और परिणाम आने तक के बारे में नहीं बताया। परिणाम आने पर जब वे सिलेक्ट हो गए, तब घर वालों को बताया। उनके सरप्राइज से सभी परिजन हैरान रह गए। उपेन्द्र को 20 साल की उम्र में 15 दिसंबर 1984 को भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून से जम्मू और कश्मीर राइफल्स की 18वीं बटालियन में शामिल किया गया, जहां उन्होंने ऑपरेशन रक्षक के दौरान कश्मीर घाटी में में एक बटालियन की कमान संभाली।

कुछ ही समय बाद उन्होंने राजस्थान के रेगिस्तान और फिर ऑपरेशन राइनो के दौरान मणिपुर में असम राइफल्स के एक सेक्टर की कमान संभाली। फिर उन्होंने क्रमशः बख्तरबंद ब्रिगेड, माउंटेन डिवीजन, स्ट्राइक कोर, एकीकृत मुख्यालय और रक्षा मंत्रालय में अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने भारतीय सैन्य अकादमी में प्रशिक्षक के रूप, आर्मी वॉर कॉलेज के उच्च कमान विंग, विदेशी कार्यकालों में अफ्रीका, यूरोप और सोमालिया में भी काम किया। उन्हें फरवरी 2020 में कोर का कमांडर नियुक्त किया गया।